बुधवार, 4 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 29 – 17 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 6:02 | सूर्यास्त: 16:52 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा




'तारीख पे तारीख' के दिन खत्म हुए : प्रधानमंत्री मोदी -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष तृतीया, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** इंसान दुखी होता है गलत इंसान के साथ रहने पर।

# बांग्लादेश में गिरफ्तार हिंदू संत को राहत नहीं



## जमानत पर सुनवाई दो जनवरी को होगी

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार ने अगरतला की घटना को भारत की नाकामी बताया

अगरतला स्थित बांग्लादेश के राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ की घटना को भारत की ''नाकामी'' बताते हुए, मंगलवार को यहां अंतरिम सरकार के एक प्रभावशाली सलाहकार ने शेख हसीना सरकार के अपदस्थ होने के बाद देश के साथ संबंधों का नयी दिल्ली से फिर से आंकलन करने को कहा। कानूनी मामलों के सलाहकार आसिफ नजरुल ने एक फेसबुक पोस्ट में लिखा, ''हम समानता और परस्पर सम्मान आधारित मित्रता में यकीन रखते हैं। शेख हसीना सरकार ने चुनावों के बिना सत्ता में बने रहने के लिए भारत समर्थक नीति का पालन किया, लेकिन भारत को यह समझना चाहिए कि यह शेख हसीना का बांग्लादेश नहीं है।''

### वकीलों को धमकी, नहीं मिल पा रही कानूनी मदद

**ढाका :** बांग्लादेश की एक अदालत ने हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की ओर से किसी वकील के पेश नहीं होने की स्थिति में एक सरकारी अर्जी पर उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई दो जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता दास को 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। चटगांव की एक अदालत ने 26 नवंबर को उन्हें जमानत देने से इनकार करते हुए जेल भेज दिया था जिसके बाद उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। एक सरकारी अभियोजक ने संवाददाताओं से कहा, ''(ब्रह्मचारी की) जमानत याचिका पर सुनवाई मंगलवार के लिए निर्धारित थी... मेट्रोपॉलिटन सत्र न्यायाधीश मोहम्मद सैफुल इस्लाम की अदालत ने तारीख पुनर्निर्धारित कर दी, क्योंकि बचाव पक्ष की ओर से किसी वकील के उपस्थित नहीं होने पर अभियोजन पक्ष ने समय देने के लिए याचिका दायर की।'' दूसरी ओर, सम्मिलित सनातनी जागरण जोत में दास के सहयोगी स्वतंत्र गौरांग दास ने कहा कि ''राजनीति से प्रेरित वकीलों के समूह'' के दबाव और धमकियों के डर से कोई भी वकील हिंदू संत के पक्ष में खड़ा नहीं हुआ।

**बांग्लादेश उच्च न्यायालय में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने संबंधी रिट याचिका दायर**

बांग्लादेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया गया है। एक खबर में यह जानकारी दी गई। 'ढाका ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार, वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने इस संबंध में याचिका दायर की है और सोमवार को उन्होंने इसकी पुष्टि की।

**बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया**

बांग्लादेश ने मंगलवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को यहां विदेश मंत्रालय के कार्यालय में तलब किया। इससे एक दिन पहले, ढाका ने भारत के राज्य त्रिपुरा में बांग्लादेश सहायक उच्चायोग परिसर में कथित जबरन प्रवेश के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया था। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, ''उन्हें (वर्मा को) बुलाया गया और हमारी चिंताओं से अवगत कराया गया।''इससे पहले दिन में, विदेश मामलों के सलाहकार तौहीद हुसैन ने कहा कि अगरतला की घटना के बाद भारतीय दूत को विदेश कार्यालय आने के लिए कहा गया था।

**दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग की सुरक्षा बढ़ाई गई**

**नयी दिल्ली :** अगरतला में बांग्लादेश के वाणिज्य दूतावास पर प्रदर्शनकारियों के हमले के एक दिन बाद दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दिल्ली में चाणक्यपुरी स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उच्चायोग के चारों ओर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

**बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों से अपनी सेवाएं स्थगित कीं**

त्रिपुरा की राजधानी अगरतला स्थित बांग्लादेश सहायक उच्चायोग ने सुरक्षा कारणों से अपनी सभी सेवाएं अगले आदेश तक स्थगित कर दी हैं। उच्चायोग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

**RED-X**

B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## त्रिपुरा में बांग्लादेशियों को रहना-खाना नहीं मिलेगा, होटल और रेस्टोरेंट ने किया बायकॉट

**अगरतला :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों और भारतीय झंडे के प्रति को लेकर को लेकर लगातार भारत के कई राज्यों में प्रदर्शन हो रहे हैं। इतना ही नहीं कुछ दिन पहले तो अगरतला और कोलकाता के दो अस्पतालों ने बांग्लादेशी नागरिकों के इलाज पर भी रोक लगा दी थी। इस बीच सोमवार को त्रिपुरा होटल और रेस्टोरेंट्स ने भी एक बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने अब बांग्लादेशियों को सेवाएं देने से किया इनकार कर दिया है। पूर्वोत्तर राज्य में ट्रावेल सेक्टर के शीर्ष संघ की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई। दोनों पड़ोसियों के बीच राजनयिक संबंधों में तनाव को देखते हुए यह फैसला हुआ है। ऑल-त्रिपुरा होटल और रेस्तरां मालिक संघ की ओर से जारी बयान में कहा, राज्य के होटल बांग्लादेशी पर्यटकों को कमरे नहीं देंगे और रेस्तरां में उन्हें भोजन नहीं दिया जाएगा।

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ने 'आपात मार्शल लॉ' लगाने की घोषणा की

**सियोल :** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल ने मंगलवार को देश में 'आपात मार्शल लॉ' लगाने की घोषणा की तथा विपक्ष पर संसद पर हावी होने, उत्तर कोरिया के साथ सहानुभूति रखने और देश विरोधी गतिविधियों के साथ सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाया। यून ने टेलीविजन पर अपने संबोधन के दौरान यह घोषणा की, और ''उत्तर कोरिया समर्थक ताकतों को खत्म करने और संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा करने'' का संकल्प जताया। हाल में देश में यून की लोकप्रियता में कमी देखी गई है। राष्ट्रपति ने 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद से विपक्ष पर बढ़त बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है। यून की रूढ़िवादी 'पीपुल्स पावर पार्टी' का अगले साल के बजट विधेयक को लेकर उदारवादी विपक्षी 'डेमोक्रेटिक पार्टी' के साथ गतिरोध बना हुआ है।






## दूरगामी राष्ट्रीय हितों को दें प्राथमिकता

देश में विभिन्न दलों के राजनेता और धार्मिक नेता अपने तात्कालिक हितों की पूर्ति हेतु अपने लक्षित समूहों की आबादी बढ़ाने की जरूरत बताते रहे हैं। आबादी के बोझ से चरमराती नागरिक सेवाओं और सीमित संसाधनों के बीच आबादी बढ़ाने का आह्वान करना तार्किक दृष्टि से गले नहीं उतरता। लेकिन इसके बावजूद धार्मिक व सांप्रदायिक समूह के अगुआ आबादी बढ़ाने का आह्वान करते नजर आते हैं। इस विवादास्पद मुद्दे की हालिया चर्चा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी के कारण फिर सुर्खियों में है। उनका कहना है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश में जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट आ रही है। उन्होंने एक तस्वीर उकेरते हुए कहा है कि जिस समाज की कुल प्रजनन दर 2.1 से नीचे चली जाएगी, कालांतर उस समाज को एक चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उनकी दलील है कि बहुसंख्यक समाज को हम दो, हमारे तीन के समाधान पर अमल करना चाहिए। यानी प्रत्येक जोड़े को कम से कम तीन बच्चे पैदा करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान एक चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने एक समुदाय विशेष को इंगित करते हुए चिंता जतायी थी कि अधिक आबादी वाला समुदाय जनसंख्या संतुलन के लिये चुनौती पेश कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस विवादास्पद भाषण के कुछ सप्ताह के बाद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद द्वारा जारी आंकड़ों के निष्कर्ष में इस बात को लेकर चिंता जतायी गई थी कि 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक समाज की आबादी में 7.82 फीसदी की कमी आई है। वहीं देश के मुख्य अल्पसंख्यक समुदाय की आबादी में 43 फीसदी की वृद्धि हुई है। दरअसल, इन्हीं आंकड़ों के जरिये भविष्य में बहुसंख्यक समाज के समक्ष उत्पन्न होने वाली चुनौतियों के रूप में पेश किया जाता है। दरअसल, राजनीतिक नेतृत्व व धार्मिक संगठनों के नेताओं द्वारा अपनी सुविधा की जनसंख्या नीति को लेकर जो दलीलें दी जा रही हैं, वे एक अर्थशास्त्री द्वारा लक्षित जनसंख्या की संकल्पना दृष्टि के मद्देनजर विरोधाभासी कही जा सकती हैं।

वहीं दूसरी ओर देश के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस पर आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा था कि विकसित भारत के लक्ष्य हासिल करने में छोटे परिवार मददगार साबित हो सकते हैं। निश्चित रूप से जनसंख्या से जुड़ी विरोधाभासी दलीलों की तार्किकता तलाश पाना एक कठिन कार्य रहा है। लेकिन एक हकीकत यह भी है कि देश में परिवार नियोजन और गर्भनिरोधक के प्रयोग में वृद्धि के कारण प्रजनन दर में काफी गिरावट आई है। वहीं ऐसे ही तात्कालिक कारणों तथा राजनीतिक लक्ष्यों ने आंध्र प्रदेश में टीडीपी सरकार को दो संतानों की नीति को खत्म करने के लिये प्रेरित किया है। ऐसी ही जनसंख्या नीति में बदलाव के लिये तमिलनाडु सरकार की तरफ से विरोधाभासी बयान विगत में सोशल मीडिया पर खूब चर्चा का विषय बने हैं। ऐसे हालात में विभिन्न राज्यों में सरकारों को चाहिए कि वे जनसंख्या नीति पर बयानबाजी करने से पहले उपलब्ध संसाधनों का मूल्यांकन करें। वे विचार करें कि स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, रोजगार सृजन और गरीबी उन्मूलन की चुनौती के बीच क्या वे अतिरिक्त जनसंख्या के बोझ को संभाल पाने में सक्षम हो सकते हैं? निस्संदेह, राजनीतिक और धार्मिक लक्ष्यों के लिये संख्या का खेल खेलने वाले नेताओं को सांप्रदायिक तनाव बढ़ाना भले ही सफलता का शार्टकट लगता हो, लेकिन उन्हें भारत की दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक स्थिरता के लिये ऐसे प्रयासों के निहितार्थों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। जाहिर बात है कि देश की भौगोलिक स्थिति और जनसंख्या का घनत्व पहले ही काफी असंतुलित है। यदि फिर भी जनसंख्या वृद्धि की होड़ संकीर्ण स्वार्थों के लिये की जाती है तो उसके दूरगामी घातक प्रभाव सामने आ सकते हैं। हमारी प्राथमिकता हर हाथ को काम देने तथा सीमित संसाधनों के बेहतर उपयोग होनी चाहिए। यदि ऐसे हालात में आबादी में अप्रत्याशित वृद्धि होती है तो कालांतर जनसंख्या के दबाव से चरमराती नागरिक सेवाओं के ध्वस्त होने की आशंका बलवती हो जाएगी।

# दिव्यांगजनों की सेवा और स्वाभिमान का अमृत दशक!



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधान मंत्री भारत सरकार

**भाइयों और बहनों,** मंगलवार महत्वपूर्ण दिन है। पूरा विश्व इस दिन को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाता है। आज का दिन दिव्यांगजनों के साहस, आत्मबल और उपलब्धियों को नमन करने का विशेष अवसर होता है।

भारत के लिए ये अवसर एक पवित्र दिन जैसा है। दिव्यांगजनों का सम्मान भारत की वैचारिकी में निहित है। हमारे शास्त्रों और लोक ग्रंथों में दिव्यांग साथियों के लिए सम्मान का भाव देखने को मिलता है। रामायण में एक श्लोक है–

*उत्साहो बलवानार्य, नास्त्युत्साहात्परं बलम्।*
*सोत्साहस्यास्ति लोकेऽस्मिन्, न किञ्चिदपि दुर्लभम्।*

श्लोक का मूल यही है कि जिस व्यक्ति के मन में उत्साह है, उसके लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है।

आज भारत में हमारे दिव्यांगजन इसी उत्साह से देश के सम्मान और स्वाभिमान की ऊर्जा बन रहे हैं।

इस वर्ष ये दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर बीते 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय़ हुए हैं।

ये निर्णय दिखाते है कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम में आज का दिन दिव्यांग भाई–बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है।

मैं जब से सार्वजनिक जीवन में हूं, मैंने हर मौके पर दिव्यांगजनों का जीवन आसान बनाने के लिए प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले 'विक्लांग' शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया।

ये सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ाई और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने ये संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार ना बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई–बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया। ये आशीर्वाद ही, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना।

हर वर्ष देश भर में हम दिव्यांग दिवस पर अनेक कार्यक्रम करते हैं। मुझे आज भी याद है, 9 साल पहले हमने आज के ही दिन सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। 9 सालों में इस अभियान ने जिस तरह से दिव्यांगजनों को सशक्त किया, उससे मुझे बड़ा संतोष मिला है।

140 करोड़ देशवासियों की संकल्प–शक्ति से 'सुगम्य भारत' ने ना सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटाई, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया।

पहले की सरकारों के समय जो नीतियां थीं...उनकी वजह से दिव्यांगजन सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा के अवसरों से पीछे रह जाते हैं। हमने वो स्थितियां बदलीं। आरक्षण की व्यवस्था को नया रूप मिला। 10 वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए खर्च होने वाली राशि को भी तीन गुना किया गया। इन निर्णयों ने दिव्यांगजनों के लिए अवसरों और उन्नतियों के नए रास्ते बनाए। आज हमारे दिव्यांग साथी, भारत के निर्माण के समर्पित साथी बनकर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।

मैंने स्वयं ये महसूस किया है कि भारत के युवा दिव्यांग साथियों में कितनी अपार संभावनाएं हैं। पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश को जो सम्मान दिलाया है, वो इसी ऊर्जा का प्रतीक है। ये ऊर्जा राष्ट्र ऊर्जा बने, इसके लिए हमने दिव्यांग साथियों को स्किल से जोड़ा है, ताकि उनकी ऊर्जा राष्ट्र की प्रगति की सहायक बन सके। ये प्रशिक्षण सिर्फ सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है। इन प्रशिक्षणों ने दिव्यांग साथियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्हें रोजगार तलाशने की आत्म शक्ति दी है।

मेरे दिव्यांग भाई–बहनों का जीवन सरल, सहज और स्वाभिमानी हो, सरकार का मूल सिद्धांत यही है। हमने Persons with Disabilities Act को भी इसी भाव से लागू किया। इस ऐतिहासिक कानून में Disability के Definition की कैटेगरी को भी 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। पहली बार हमारे एसिड अटैक सर्वाइवर्स भी इसमें शामिल किए गए। आज ये कानून दिव्यांगजनों के सशक्त जीवन का माध्यम बन रहा है।

इन कानूनों ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज हमारे दिव्यांग साथी भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ काम कर रहे हैं।

भारत का दर्शन हमें यही सिखाता है कि समाज के हर व्यक्ति में एक विशेष प्रतिभा जरूर है। हमें उसे बस सामने लाने की जरूरत है। मैंने हमेशा अपने दिव्यांग साथियों की उस अद्भुत प्रतिभा पर विश्वास किया है। और मैं पूरे गर्व से कहता हूं, कि हमारे दिव्यांग भाई–बहनों ने एक दशक में मेरे इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है। मुझे यह देखकर भी गर्व होता है कि उनकी उपलब्धियां कैसे हमारे समाज के संकल्पों को नया आकार दे रही हैं।

आज जब पैरालंपिक का मेडल सीने पर लगाकर, मेरे देश के खिलाड़ी मेरे घर पर पधारते हैं, तो मेरा मन गौरव से भर जाता है। हर बार जब मन की बात में मैं अपने दिव्यांग भाई–बहनों की प्रेरक कहानियों को आपके साथ साझा करता हूं, तो मेरा हृदय गर्व से भर जाता है। शिक्षा हो, खेल या फिर स्टार्टअप, वे सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं।

मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता का 100वां उत्सव मनाएंगे, तो हमारे दिव्यांग साथी पूरे विश्व का प्रेरणा पुंज बने दिखाई देंगे। आज हमें इसी लक्ष्य के लिए संकल्पित होना है।

आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भी सपना और लक्ष्य असंभव ना हो। तभी जाकर हम सही मायने में एक समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे।

और निश्चित तौर पर मैं इसमें अपने दिव्यांग भाई–बहनों की बहुत बड़ी भूमिका देखता हूं। पुन: सभी दिव्यांग साथियों को आज के दिन की शुभकामनाएं।

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के नारे के मर्म को समझा हिंदुसमाज ने



**डॉ. आर.के. सिन्हा**

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई ज़मीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफ़ी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर–पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनज़र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई ज़मीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, एक हैं तो सुरक्षित हैं। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के ख़िलाफ़ पूरे हिंदू समाज की एकता पर ज़ोर दिया गया था।

बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ़ हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी ( अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।

मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े , क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे, कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस–सेना( उद्धव)–एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।

सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।

दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे–जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी: भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए बटेंगे तो कटेंगे नारे का इस्तेमाल किया।

आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिन्दू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी जी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया।

अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को एकता तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दर्शाता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है।

यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने 'एक है तो सुरक्षित है' के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया है। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## विदेश की खबरें

### ब्रिटिश संसद ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले को लेकर चिंता जताई

**लंदन :** अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हाल के हमलों और धार्मिक नेताओं की गिरफ्तारी पर ब्रिटिश सांसदों के चिंता जताने के बाद ब्रिटेन की सरकार बांग्लादेश में स्थिति पर नजर रख रही है। एक वरिष्ठ मंत्री ने यहां यह जानकारी दी। लेबर पार्टी के सांसद बैरी गार्डिनर द्वारा सोमवार को 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में रखे गए एक तत्काल प्रश्न के दौरान, विदेश कार्यालय में हिंद प्रशांत क्षेत्र की प्रभारी मंत्री कैथरीन वेस्ट ने कहा कि पिछले महीने उनकी बांग्लादेश यात्रा के दौरान उन्हें बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने आश्वासन दिया था कि



अल्पसंख्यक समुदायों के लिए सहायता उपलब्ध है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ब्रिटेन,उन शुरुआती देशों में शामिल था जिसके मंत्री मुख्य सलाहकार प्रोफेसर यूनुस से बात करने के लिए ढाका गए थे और वह अल्पसंख्यकों के समर्थन में मुखर रहा।

वेस्ट ने कहा, हम एक प्रसिद्ध हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तारी के बाद भारत सरकार के चिंता जताने वाले बयान से अवगत हैं। ब्रिटेन का विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) डेस्क उन घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रख रहा है। मंत्री ने कहा, ब्रिटेन सरकार इस स्थिति पर नजर रखना जारी रखेगी तथा वह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के साथ धर्म या आस्था की स्वतंत्रता के महत्व पर बातचीत करेगी, क्योंकि यह हिंदू समुदाय को प्रभावित करती है। भारत और बांग्लादेश के बीच तनाव पांच अगस्त से ही जारी है, जब अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना भारत चली गई थीं। पिछले हफ्ते दास की गिरफ्तारी के बाद स्थिति और भी बिगड़ गई।

### चीन ने अंटार्कटिका में अपना पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित किया

**बीजिंग :** चीन ने अंटार्कटिका में अपना पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित किया है। चीन इस बर्फीले और संसाधन–संपन्न दक्षिणी महाद्वीप में इस अनुसंधान स्टेशन का निर्माण कर वहां अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है।चीन मौसम विज्ञान प्रशासन (सीएमए) के अनुसार, पूर्वी अंटार्कटिका के 'लार्समैन हिल्स' में स्थित झोंगशान नेशनल ऐटमॉसफेरिक बैकग्राउंड एडमिनिसट्रेश (सीएमए) में रविवार से कामकाज शुरू हो गया है। सीएमए वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है, ''यह स्टेशन अंटार्कटिका के वायुमंडलीय घटकों में सांद्रता परिवर्तनों के बारे में निरंतर और दीर्घकालिक परिचालनात्मक अवलोकन करेगा तथा क्षेत्र में वायुमंडलीय संरचना तथा संबंधित विशेषताओं की औसत स्थिति का विश्वसनीय प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट' की खबर के अनुसार, लेख में कहा गया है कि निगरानी डेटा 'जलवायु परिवर्तन के प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया का समर्थन करेगा'। यह चीन का नौवां वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन और विदेश में इसका पहला स्टेशन है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 दिसम्बर, बुधवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष तृतीया, 13:08 तक, नक्षत्र : पूर्वाषाढ़ा, 17:04 तक, योग : गांदा, 13:50 तक, सूर्योदय: 6:02, सूर्यास्त: 16:52 चन्द्रोदय : 08:46, चन्द्रास्त: 19:32, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 11:26 से 12:46

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई नया विरोधी उत्पन्न हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। यदि आपने किसी काम में निवेश किया, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। काफी एनर्जी से भरपूर रहेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को भी आसानी से पूरा करेंगे। जीवनसाथी को कोई शारीरिक कष्ट होने से समस्या आएगी।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपकी आय में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए मौज–मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती हैं।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। आपको कोई पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं। आपको पारिवारिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे कार्यक्षेत्र में समस्याएं खड़ी होगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए धन–धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। माता–पिता का आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप किसी को धन उधार देने से बचें।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य को नौकरी के लिए घर से दूर जाना पड़ेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो उसमें भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 2936

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| | ■ | ■ | 6 | 7 | 8 | | ■ | 9 | |
| 10 | | 11 | ■ | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | 16 | |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | ■ | 20 | | ■ |
| 21 | | | 22 | ■ | 23 | 24 | | ■ | 25 |
| 26 | | ■ | 27 | 28 | | | ■ | 29 | |
| | ■ | 30 | ■ | | ■ | 31 | 32 | ■ | |
| 33 | | | | | ■ | 34 | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) भव्य; राजसी; वैभवशाली, 3) आतंक; प्रताप; रोब-दाब, 6) शाकोपजीवी, 9) उत्पाद; संपत्ति, 10) अंतिम अवस्था; सबसे अधिक, 12) विष्ठा, 14) पुत्री, 15) दबा; हमवार; सपाट, 17) उत्तर, 18) इस के बाद नहीं; एक सार्वजनिक वाहन, 20) फौरन, 21) तुलना, 23) पैर, 26) न्यूनता, 27) किसी वस्तु के लिए हठ करना, 29) कारणतः, 31) परिस्थिति, 33) रूढ़िवादी, 34) चटपटा; खारा.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) छिद्रान्वेषण; समीक्षा, 2) घमंड; कैफ़, 3) गुफा; शतरंजी, 4) साँस की बीमारी, 5) तनिक-सा, 7) सफल, 8) निकट भूत-काल, 11) तात्पर्य, 13) एक मिठाई, 16) किनारा, 17) दुर्जन, 19) सब, 21) व्यर्थ की बातें, 22) वह कागज की गड्डी जिसमें बीस दस्ते हों, 24) जल्दी जल्दी, 25) बेचैन, 28) गाँजा, 30) पहुँचा, 32) सायंकाल.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | म | र | ■ | ब | ■ | ग | ठि | या | ■ |
| त्ले | ■ | खा | री | द | दा | र | ■ | ने | ता |
| खा | च्च | र | ■ | मा | ■ | मा | दा | ■ | मि |
| ■ | ■ | खा | मो | शी | ■ | ह | ल | च | ल |
| स | दै | व | ■ | ■ | गु | ट | ■ | प्प | ■ |
| भा | व | ■ | ना | रा | ज़ | ■ | क | ल | मा |
| ■ | वा | य | स | ■ | रा | ■ | शि | ■ | न |
| स | दी | ■ | म | न | ■ | आ | स | मा | नी |
| न्न | ■ | ■ | झ | ग | ड़ा | लू | ■ | ह | य |

## सुडोकू-पहेली-2896

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | 4 | | |
| | | | 1 | | | | 7 | |
| | | | 2 | | | | | |
| 1 | 3 | | | | | | | 2 |
| | | | | 8 | | 6 | | |
| | | | | | | | | 5 |
| | | | | 6 | | 8 | 3 | |
| 2 | | | 7 | | | | | |
| | | 1 | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2895 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 9 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 6 | 4 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 9 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 |

# वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ बंगाल विधानसभा से प्रस्ताव पारित

**❑ विपक्षी भाजपा के विधायकों ने प्रस्ताव का विरोध करते हुए सदन से किया वाकआउट**

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र के वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के खिलाफ बंगाल विधानसभा में लाया गया प्रस्ताव मंगलवार को दूसरे दिन चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसी के साथ बंगाल पहला राज्य है जहां की विधानसभा से वक्फ विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया गया है। बता दें कि संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने गत सोमवार को राज्य सरकार की तरफ से यह प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायकों ने वक्फ विधेयक का कड़ा विरोध करते हुए भाजपा नीत केंद्र सरकार पर



इसके बहाने एक धर्म विशेष (मुसलमानों) को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि इस विधेयक का उद्देश्य मुसलमानों की संपत्ति जब्त करना है। उन्होंने केंद्र से इस विधेयक को वापस लेने की मांग की। दूसरी ओर, विपक्षी भाजपा के विधायकों ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। चर्चा में हिस्सा लेते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट आने से पहले इसके विरोध में राज्य विधानसभा में प्रस्ताव लाने के औचित्य पर सवाल उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि एकमात्र वोट बैंक की राजनीति और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के चलते राज्य सरकार ने 2026 विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह प्रस्ताव लाया है। चर्चा में हिस्सा लेने के बाद प्रस्ताव के विरोध में नारेबाजी करते हुए भाजपा विधायकों ने सदन से वाकआउट किया। बाद में, मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय के जवाब के बाद प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

**❑ तृणमूल व ममता वोट बैंक के रूप में मुसलमानों का इस्तेमाल कर रही : शुभेंदु अधिकारी**

चर्चा के दौरान शुभेंदु ने राज्य सरकार पर इस प्रस्ताव को लेकर दो दिन विधानसभा का समय बर्बाद करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तृणमूल ने तीन तलाक, सीएए और जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म करने के खिलाफ भी दुष्प्रचार चलाकर मुसलमानों को गुमराह किया। उन्होंने सवाल किया कि क्या सीएए लागू होने के बाद एक भी मुस्लिम को डिटेंशन कैंप में भेजा गया, जिसका मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दावा कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस व ममता बनर्जी वोट बैंक के रूप में मुसलमानों का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक से वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता आएगी और वे जवाबदेह बनेंगे। शुभेंदु ने धर्म परिवर्तन रोकने के लिए कानून बनाने और एनआरसी लागू करने की मांग की। भाजपा विधायक मनोज कुमार ओरांव ने भी कहा कि एकमात्र मुस्लिम तुष्टीकरण के चलते तृणमूल विधेयक का विरोध कर रही है। तृणमूल दिखाना चाहती है कि वह मुसलमानों का सबसे बड़ा मसीहा है।

**❑ तृणमूल ने केंद्र पर साधा निशाना**

वहीं, मंत्री शोभनदेव चट्टापोध्याय ने आरोप लगाया कि केंद्र ने वक्फ विधेयक पर राज्य से कोई परामर्श नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि विधेयक पर जेपीसी में विपक्षी सदस्यों को बोलने नहीं दिया गया। इसी कारण सभी विपक्षी दलों के सांसदों ने इसका बहिष्कार किया। उन्होंने केंद्र पर मुसलमानों को निशाना बनाते हुए विभाजनकारी एजेंडा को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया।

## नवनिर्वाचित विधायकों की लेटलतीफी पर बिफरे विस अध्यक्ष, 10.30 बजे तक विधानसभा पहुंचने का निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने एक दिन पहले ही शपथ लेने वाले विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के विधायकों के चालू शीतकालीन सत्र के दौरान मंगलवार को सदन में देर से पहुंचने पर कड़ी नाराजगी जताईं। अध्यक्ष ने कहा कि अभी-अभी तो आपने शपथ ली है और आप सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद पहुंच रहे हैं। उन्होंने कारण जानना चाहा कि आप देर से क्यों विधानसभा क्यों पहुंचे हैं? अध्यक्ष ने सख्त लहजे में कहा कि सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होती है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायकों को 10.30 बजे तक विधानसभा पहुंचने का निर्देश दिया। अध्यक्ष ने कहा कि अब सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद आप आकर अपनी सीट ढूंढेंगे, यह बिल्कुल ठीक नहीं है।

**डीजल उत्पादन सेटों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध**

**ई-निविदा सूचना सं.: ईएल/29/21_2024/के/983; दिनांक: 28-11-2024।** निम्नलिखित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.:** 21_2024; **कार्य का नाम:-** कटिहार मंडल में 2 साल की अवधि के लिए ग्रीव्स मेक और क्षमताओं के डीजल उत्पादन सेटों का वार्षिक रखरखाव अनुबंध। निविदा मूल्य: ₹2,45,704/-; धरोहर राशि: ₹5,000/-। **ई-निविदाएं** 23-12-2024 को 15.00 बजे **बंद होंगी** और 23-12-2024 को 15.30 बजे **खुलेंगी।** उपरोक्त ई-निविदा के निविदा कागजात के साथ संपूर्ण सूचना 23-12-2024 को 15.00बजे तक वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगी।

सीनि. डीईई/जी एंड सीएचजी./कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, Nupur Mukherjee D/o Barun Kumar Mukhopadhyay R/o Sabita Bhawan, Garia Abantipur, Rajpur Sonarpur, South 24 Parganas, West Bengal-700152, declare that name of my father has been wrongly written as Barun Kumar Mukherjee in my Madhyamik Pariksha ( Secondary Examination ) Certificate and Marksheet, West Bengal Board Of Secondary Education. The actual name of my father is Barun Kumar Mukhopadhyay, which may be amended accordingly.

I, Md. Kabir Ahmed, S/o Md. Mustaque Ahmed, Resident of 37/2/H/2, Watgunge Street, P.O- Khidderpore, Kolkata – PIN-700 023 WB. Have changed my name from Mohammd Kabir Ahmed /or Mohammed Kabir Ahmed to Md. Kabir Ahmed and henceforth I shall be known as Md. Kabir Ahmed in all purpose vide affidavit dated 30.09.2024 before Judicial Magistrate, 1st Class, Alipore. Md. Kabir Ahmed and /or Mohammd Kabir Ahmed /or Mohammed Kabir Ahmed all are same and one identical person i.e., myself.

# विवादित ढांचा गिराए जाने के दिन छह दिसंबर को विधानसभा का सत्र रहेगा स्थगित

**❑ पहली बार छह दिसंबर के दिन विधानसभा की कार्यवाही स्थगित रखने का फैसला**

**❑ भाजपा ने किया विरोध, विधानसभा में लगाए 'जय श्रीराम' के नारे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस व ममता सरकार एक तरफ जहां केंद्र के वक्फ संशोधन विधेयक का पुरजोर विरोध कर रही है। इस विधेयक के विरोध में शनिवार को तृणमूल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने कोलकाता में जहां बड़ी रैली आयोजित की और मंगलवार को इसके खिलाफ राज्य विधानसभा से एक प्रस्ताव भी पारित कराया गया। दूसरी ओर, अब छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाए जाने के विरोध में इसकी बरसी पर उस दिन बंगाल विधानसभा के चालू शीतकालीन सत्र की कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय लिया गया है। मंगलवार को विधानसभा की कार्य मंत्रणा (बिजनेस एडवाइजरी) समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बंगाल विधानसभा के इतिहास में यह पहली बार है कि जब छह दिसंबर को कार्यवाही बंद रखने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा ढहा गया था। तभी से तत्कालीन विपक्षी नेता ममता बनर्जी ने विरोध स्वरूप उस दिन को 'एकजुटता दिवस' के रूप में मनाती आ रही हैं। 2011 में, बंगाल की सत्ता में आने के बाद भी मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के आदेश पर हर साल छह दिसंबर को पार्टी स्तर पर कार्यक्रम होता है। इस बार, विधानसभा का शीतकालीन सत्र उसी समय चल रहा है। हालांकि, शीतकालीन सत्र पहले भी इस दिन आयोजित होता रहा है, लेकिन छह दिसंबर को कभी छुट्टी नहीं होती थी। उस दिन विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर 'एकजुटता दिवस' मनाने का कोई कार्यक्रम नहीं होता था। इस बार ऐसा क्यों किया जा रहा है?

दूसरी ओर, राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा के विधायकों ने इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए सदन में जमकर नारेबाजी की और जय श्रीराम के नारे लगाए। मंगलवार को दूसरे हाफ में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने यह मुद्दा उठाते हुए छह दिसंबर को विधानसभा स्थगित रखने का कारण पूछा? सदन में भाजपा विधायकों के विरोध प्रदर्शन के बीच आसन पर मौजूद विधानसभा उपाध्यक्ष आशीष बनर्जी ने इसका जवाब देते हुए कहा कि यह कार्य मंत्रणा समिति का निर्णय है। इसके बाद, सत्तारूढ़ तृणमूल के विधायकों ने शुभेंदु की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में क्यों नहीं आते हैं? भाजपा विधायकों की नारेबाजी पर बाद में संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चट्टापोध्याय ने शुभेंदु पर निशाना साधते हुए कहा कि जो विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में नहीं आते हैं उन्हें यह सवाल पूछने का कोई अधिकार नहीं है। बाद में, शुभेंदु ने आरोप लगाया कि 2026 के आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर वोट की राजनीति और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए ममता सरकार ने छह दिसंबर को कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय लिया है।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**ई-निविदा सं.: 05_2024-25 (खुली निविदा) दिनांक: 19.11.2024,** मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/सड़क सुरक्षा परियोजना, पूर्व रेलवे के कार्यालय के लिए सामान्य सलाहकार की नियुक्ति हेतु दिनांक 26.12.2024 को नियत इस ई-निविदा सं. 05_2024-25 (खुली निविदा) के लिए शुद्धिपत्र जारी किया गया; **संशोधित आइटम: एनआईटी हेडर: फील्ड का नाम:** निविदा की अंतिम तिथि और समय: वर्तमान समय: दिनांक 05.12.2024, 12.00 बजे। **संशोधित समय: दिनांक 26.12.2024, 11.00 बजे; फील्ड का नाम:** बोली शुरू होने की तिथि: वर्तमान तिथि: दिनांक 21.11.2024; **संशोधित तिथि: दिनांक 12.12.2024,** अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
HWH-457/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022, दिनांक 29.11.2024,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 3 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए **मानकुंडु** में सामान्य पे एंड यूज शौचालय के परिचालन और रखरखाव के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-ऑक्शन रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 ऑफ 2022 एवं कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं. पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-01-आर, लॉट सं./कैटेगरी:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-एमयू-टीओआई-26-24-1, **स्टेशन:** मानकुंडु (एमयू)। **नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 16.12.2024 को 12.00 बजे।
HWH-455/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत आद्रा मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

**संशोधित अधिसूचना**

दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के तहत कोटशिला-पुरुलिया अनुभाग में कोटशिला स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग के लिए नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में संशोधित अधिसूचना। नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य दिनांक 04.12.2024 एवं 05.12.2024 के स्थान पर **दिनांक 06.12.2024 एवं 07.12.2024** को संपादित किया जाएगा। फलस्वरूप, ट्रेनों के संचालन में नीचे उल्लिखित संशोधित व्यवस्थाएं की गई गई हैं: ● **ट्रेनों का निरसन:** (1) **13504/13503** बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2024 एवं 07.12.2024)। (2) **03597/03598** राँची-आसनसोल-राँची मेमू स्पेशल (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2024 एवं 07.12.2024)। ● **मार्ग परिवर्तन:** (1) **13320 राँची-दुमका एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2024), (2) **12020 राँची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2024) एवं (3) **18603 राँची-गोड्डा एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 07.12.2024) मुरी-कोटशिला-बोकारो स्टील सिटी-चंद्रपुरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मुरी-बरकाकाना-चंद्रपुरा होकर चलेगी तथा (1) **13319 दुमका-राँची एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2024 एवं 07.12.2024) एवं (2) **12019 हावड़ा-राँची शताब्दी एक्सप्रेस** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 06.12.2024 एवं 07.12.2024) चंद्रपुरा-बोकारो स्टील सिटी-कोटशिला-मुरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग चंद्रपुरा-बरकाकाना-मुरी होकर चलेगी। **टिप्पणी:** (1) **13504/13503 बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस एवं 03597/03598 राँची-आसनसोल-राँची मेमू स्पेशल (दोनों की यात्रा आरम्भ होने की तारीख 04.12.2024 एवं 05.12.2024) स्वभाविक रूप से चलेंगी।** (2) **ट्रेन नं. 18603, 13319** एवं **12019 (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 05.12.2024) अपने स्वभाविक मार्गों पर चलेंगी।** असुविधा के लिए खेद है।
मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक
**पूर्व रेलवे**
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल में आलू का पर्याप्त स्टॉक, चिंता की बात नहीं : मंत्री बेचाराम मन्ना

**❑ केंद्र के समर्थन से बंगाल के व्यापारियों ने प्रतिबंध के बावजूद बांग्लादेश को आलू की आपूर्ति की : मंत्री**

**❑ 15 जनवरी के बाद बाजारों में आ जाएगा नया आलू**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आलू की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर बंगाल से बाहर फिलहाल इसकी आपूर्ति पर राज्य सरकार द्वारा रोक लगाए जाने पर मचे घमासान के बीच राज्य के कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि चक्रवात 'डाना' के कारण इस वर्ष आलू की खेती को नुकसान पहुंचा है। इसलिए नई फसल के आने में 15 दिन की देरी हो सकती है। नया आलू 15 जनवरी के बाद ही पूरी तरह से बाजार में आएगा। हालांकि, उन्होंने दावा किया कि फिलहाल राज्य में करीब छह लाख दो हजार मीट्रिक टन आलू का पर्याप्त स्टॉक



है। 40 से 45 दिन तक पुराना आलू चलेगा। इसलिए आलू को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। मंत्री ने बताया कि राज्य में प्रतिदिन 18 हजार मीट्रिक टन आलू की खपत होती है। राज्य में आलू का प्रर्याप्त स्टॉक है, पर कुछ बेईमान व्यापारी कृत्रिम रूप से आलू की कमी दिखाकर कीमत बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ स्टोर मालिकों और व्यापारियों ने अवैध रूप से आलू को स्टोर कर रखा है। ऐसे 40 व्यवसायियों को चिह्नित भी किया गया है, जिनके खिलाफ राज्य सरकार कार्रवाई करेगी। मंत्री ने आलू की बढ़ती कीमत को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की मदद से बंगाल सरकार को अंधेरे में रखकर राज्य से लगने वाली अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के जरिए आलू बांग्लादेश भेजा गया है। उन्होंने दावा किया कि करीब आठ लाख मीट्रिक टन से ज्यादा आलू का निर्यात किया गया है। मंत्री मन्ना ने आगे कहा कि राज्य सरकार आलू की कीमतों को नियंत्रित करने की हरसंभव कोशिश कर रही है। उन्होंने प्रोग्रेसिव पोटैटो ट्रेडर्स एसोसिएशन पर भी निशाना साधा। उन्होंने बताया कि हालिया परिस्थिति में राज्य में 30 रुपये प्रति किलो की दर से आलू बेचा जा सकता है, पर एसोसिएशन सहित कुछ अन्य व्यवसायी थोक बाजार में आलू की कीमत बढ़ा कर बेच रहे हैं। इसलिए खुदरा बाजार में आलू के दाम बढ़े हैं। ऐसे व्यवसायियों के खिलाफ राज्य सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स के सदस्य कोलकाता समेत राज्यभर के विभिन्न बाजारों पर नजर रख रहे हैं। मंत्री ने यह भी दावा कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बंगाल में आलू के दाम कम हैं।

**❑ बंगाल के आलू व्यापारियों ने 'अनिश्चितकालीन' हड़ताल वापस ली**

आलू व्यापारियों ने राज्य के बाहर आलू बेचने पर प्रतिबंध के विरोध में मंगलवार को हड़ताल की। हालांकि, बाद में, सरकार द्वारा उनकी शिकायतें सुनने का आश्वासन दिए जाने के बाद हड़ताल समाप्त कर दी गई। बता दें कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा अन्य राज्यों को आलू बेचने पर लगाए गए प्रतिबंधों के विरोध में प्रगतिशील आलू व्यापारी संघ ने मंगलवार से राज्यव्यापी 'अनिश्चितकालीन हड़ताल' पर जाने का निर्णय लिया था। यह कदम स्थानीय बाजारों में कीमतों को स्थिर करने के उद्देश्य से उठाया गया था। इस दिन, कृषि विपणन मंत्री बेचाराम मन्ना ने कहा कि आलू व्यापारी संघ ने बाद में हड़ताल वापस ले ली। हमने उनसे कहा कि अगर वे आपूर्ति बनाए रखेंगे तो सरकार उनकी शिकायतें सुनेगी। उन्होंने कहा कि छोटे व्यापारियों की हड़ताल में कोई दिलचस्पी नहीं है। पश्चिम बंगाल कोल्ड स्टोरेज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पतित पाबेन दे ने कहा कि हालांकि, मजदूरों की कमी के कारण हड़ताल खत्म हो गई है, लेकिन स्टोर से ज्यादा आलू नहीं निकला है। बुधवार को सामान्य कामकाज बहाल हो जाएगा।

**OFFICE OF THE BLOCK DEV. OFFICER**
**Joypur Dev. Block, Joypur, Purulia**
**NOTICE INVITING TENDER NO: NIeT- 10/BDO/J.D.B/ 2024-25**

E-tenders are invited by the undersigned from eligible bonafied contractors having requisite credentials and other valid documents **upto 01.00 PM of 18.12.2024** for 01 no. of work (Tender Amt. Rs. 20,16,319.00). For details intending participants may contact to the office of the undersigned or visit website www.wbtenders.gov.in in any working day before the Last date for submission of bid documents.

Sd/-
Block Development officer
Joypur Development Block

# मेडिकल कॉलेजों के दाखिलों में अनियमितताओं को लेकर बंगाल में ईडी की ताबड़तोड़ छापेमारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को बंगाल में कई मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में एनआरआई कोटे के तहत दाखिलों में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमारी और तलाशी अभियान शुरू किया। ईडी अधिकारियों ने कोलकाता के साल्टलेक के साथ बीरभूम, दुर्गापुर, झाड़ग्राम और बर्दवान जिलों में संबंधित संस्थानों के अधिकारियों के आवासों पर भी छापेमारी की। बड़ी संख्या में केंद्रीय बलों के साथ ईडी अधिकारियों ने हल्दिया में पूर्व माकपा नेता लक्ष्मण सेठ के आवास और उनके एनजीओ द्वारा संचालित मेडिकल कालेजों पर भी छापेमारी की। उन्होंने बताया कि बोलपुर के मुकुल इलाके में शांतिनिकेतन



मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भी इसी तरह की छापेमारी की गई है। कथित तौर पर इस मामले में पैसे के बदले फर्जी प्रमाणपत्र जमा किए गए और मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिए गए।

उल्लेखनीय है कि इस साल सितंबर में सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले पर चिंता जताई थी। देश भर में 28 जगहों पर एमबीबीएस प्रवेश में कोटा भ्रष्टाचार की सूचना मिली है।

# बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, इस्लाम उसका समर्थन नहीं करता : रफीकुर रहमान

### विधानसभा में तृणमूल विधायक ने केंद्र पर साधा निशाना

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल विधायक रफीकुर रहमान ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, इस्लाम उसका समर्थन नहीं करता है। पड़ोसी देश बांग्लादेश में अत्याचारों को रोकने की वकालत करते हुए रहमान ने कहा कि केंद्र को स्थिति से निपटने के लिए कानूनी सहारा लेना चाहिए। विधायक रहमान ने संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को वापस लेने का आग्रह करने वाले प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विधानसभा में कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, इस्लाम उसका समर्थन नहीं करता है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस सरकार में मंत्री सबीना यास्मीन ने भाजपा पर अल्पसंख्यक अधिकारों के मुद्दे पर



'दोहरे मानदंड' अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि भाजपा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचारों का विरोध कर रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि भाजपा को दोहरी नीति नहीं अपनानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों को बरकरार रखा जाए।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 56/City(M) of 2024-25** of The E.E.-I , City Dvn., P.W.D. for different works related to Christmas eve, 2024, New year, 2025 and ensuing Gagasagar Mela are invited from bonafied decorators & contractors having credential for similar urgent nature of works. Bid submission closing date (online) will be on **17.12.2024 at 16.00 hrs. Tender ID: 2024_PWD_778190_1/2/3/4/5.** Other details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in** & **http://wbpwd.in**.

Sd/-
Executive Engineer-I
City Division, P.W.D

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/24/67, दिनांक: 02.12.2024,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व रेलवे, फेयरली प्लेस, दूसरी मंजिल, 17, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700001 के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: (1) **04245017**; शटल वाल्व, डायरेक्शनल सोलेनॉइड वाल्व, फाइन कंट्रोल पेडल ऑपरेटेड वाल्व और सिलिंडर 523 498 040 0 आदि का क्रय; रु. 1,94,420; (2) **08241089ए**; रेलवे कैरिज फैन 140 वोल्ट एसी, 50 हर्ट्ज, फिक्स्ड टाइप, 450 मिमी स्वीप आदि का क्रय; रु.3,94,450; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 19.12.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु);(3) **04245029**; संलग्न 'अनेक्सर-ए' के अनुसार 35 टन जेएमपी जैक के निर्माण हेतु मैकेनिकल आइटम (4 मदों से संलग्न 1 सेट); रु. 8,00,160; (4) **16235016बी**;जॉइंट लेस सिल्वर बेयरिंग ग्रूव्ड कॉपर; रु.2,17,120; (5) **19245037**; डाइनैमिक ब्रेकिंग फैन असेंबली आदि; रु.1,63,160; (6) **20243031ए**; आर्मेचर पावर एवं इक्वलायर कॉइलों का सेट; रु.2,25,970; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 23.12.2024 को 13.30 बजे (क्रम सं. 3 से 6 हेतु); (7) **15245104**; संलग्न स्पेसिफिकेशन के अनुसार सीएनसी सरफेस व्हील लेद का क्रय, स्थापना एवं आरंभ करना; रु.17,18,480; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 30.12.2024 को 13.30 बजे; (8) **20245014**; बम्बार्डियर इलेक्ट्रिक फिटेड 3-फेज ईएमयू रेकों के लिए बिल्ट इन फिल्टर वाइंडिंग, ऑयल एवं एक्सेसरीज के साथ 1216 केवीए, 22.5केवी, एसी 50 हर्ट्ज, मेन ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर (टाइप एलओटी-1216),; रु.2,24,200; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 02.01.2025 को 13.30 बजे; (9) **19242227**; बेयरिंग, टीएम नॉन-ड्राइव एंड आदि; रु.1,06,200; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 06.01.2025 को 13.30 बजे;(10) **20241144बी**; 25 केवी एसी ईएमयू एवं एमईएमयू के लिए एनर्जी-कम-स्पीड मॉनिटरिंग यूनिट (एस्मॉन); रु.5,01,900; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 07.01.2025 को 13.30 बजे;(11) **10241097**; हाई कैपासिटी आफ्टर कूलर; रु. 1,06,300; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 08.01.2025 को 13.30 बजे; (12) **15235137बी**; एलएचबी एवं आईआरवाई कोचों के लिए एक्सियल शिफ्ट के साथ कॉइल स्प्रिंग स्क्रैगिंग एवं लोड डिफ्लेक्शन टेस्टिंग मशीन की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना ; रु.4,23,160; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 15.01.2025 को 13.30 बजे; (13) **15245075**; ईओटी क्रेन 15 टन आदि की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ करना; रु.1,18,000; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 20.01.2025 को 13.30 बजे; (14) **10241129**; बगैर कार्बन ब्रश के संपूर्ण ब्रश होल्डर असेंबली आदि की खरीद; रु.1,36,320; **निविदा खुलने की तिथि और समय :** 03.02.2025 को 13.30 बजे। **निविदा मूल्य :** रु.0 क्रम सं.1 से 14 प्रत्येक हेतु। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।
STORES-60/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बंगाल ने वित्त आयोग से केंद्रीय करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने का किया आग्रह

### वित्त आयोग के सदस्यों के साथ राज्य सरकार के प्रतिनिधियों की बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्यों को करों का हस्तांतरण 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने का आग्रह किया है। साथ ही, क्षैतिज कर आवंटन में भारांक मानकों में बदलाव का प्रस्ताव रखा है। पनगढ़िया ने कहा कि वित्त आयोग ने अब तक जिन 13 राज्यों का दौरा किया है, उनमें से ज्यादातर ने करों का हस्तांतरण 50 प्रतिशत करने की मांग की है। हालांकि, कुछ राज्यों ने कर हस्तांतरण को मौजूदा 41 प्रतिशत से बढ़ाकर 45 प्रतिशत करने की भी मांग रखी है। केंद्र एवं राज्यों के बीच कर राजस्व वितरण के प्रावधान तय करने वाले आयोग के प्रमुख ने कहा कि पश्चिम बंगाल



सरकार ने मांग की है कि केंद्रीय करों में हस्तांतरण को 50 प्रतिशत तक बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कर हस्तांतरण संबंधी सुझावों के साथ आयोग से मुलाकात की और केंद्र की तरफ से वंचित होने का मुद्दा उठाया। राज्य ने क्षैतिज हस्तांतरण मानदंड ढांचे में 7.5 प्रतिशत का नया शहरीकरण-आधारित भारांक शुरू करने का सुझाव भी आयोग को दिया। वहीं, वन एवं पारिस्थितिकी को मानदंड से बाहर करने की वकालत भी की जिसका 15वें वित्त आयोग में 10 प्रतिशत भारांक था। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार ने जनसांख्यिकीय वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से दर्शाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए जनसंख्या भार को 10 प्रतिशत तक समायोजित करने का भी प्रस्ताव रखा। कर दक्षता के मोर्चे पर पश्चिम बंगाल ने 2.5 प्रतिशत के भार की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि राज्य ने जनसांख्यिकीय भारांक को पिछले वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित 12.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने का सुझाव दिया। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री बनर्जी ने आय मानदंड का भारांक 45 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की वकालत करते हुए कहा कि इस समायोजन से राज्यों के बीच आय वितरण में असमानताओं को दूर किया जा सकेगा और पश्चिम बंगाल जैसे संसाधन-वंचित क्षेत्रों को मदद मिलेगी। ममता बनर्जी सरकार ने आयोग से स्थानिक जटिल क्षेत्रों के समायोजन के साथ 'क्षेत्र' मानदंड का भार 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने को भी कहा। बैठक की अध्यक्षता करने वाले पनगढ़िया ने पश्चिम बंगाल सरकार के प्रतिवेदन को स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि आयोग सभी 28 राज्यों से परामर्श करने के बाद सुझावों का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करेगा। यह कार्य मई मध्य तक जारी रहेगा। आयोग के पांच सदस्यीय पैनल ने व्यापार निकायों, उद्योग संघों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# बांग्लादेश में तिरंगे के अपमान के विरोध में सिलीगुड़ी में लगे यूनुस विरोधी पोस्टर

## लिखा... 'तस्वीर पर थूको और जूते मारो'

**सिलीगुड़ी :** बांग्लादेश यूनिवर्सिटी के छात्र भारतीय झंडे पर पैर रखकर आवागमन कर रहे हैं। यह दृश्य सोशल मीडिया पर प्रसारित होते ही पूरे देश में बांग्लादेश के खिलाफ गुस्सा है। कहीं चिकित्सक अस्पताल में बांग्लादेशियों का इलाज करने से मना कर रहे हैं, तो कहीं बांग्लादेश के यूनुस सरकार के विरोध में रैली निकाली जा रही है। इसी क्रम में, उत्तर बंगाल के सिलीगुड़ी में भी बांग्लादेश विरोधी स्वर देखने को मिल रहे हैं। यहां पहले एक चिकित्सक ने भारतीय झंडे को प्रणाम करने पर ही बांग्लादेशियों के इलाज की बात कही थी। अब शहर में कई जगहों पर बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस के खिलाफ पोस्टर लगे हैं। इसमें लिखा है 'इस तस्वीर पर थूको और मेरे चेहरे पर जूते मारो।' फिलहाल, पोस्टर किसने लगाए हैं, इसका कुछ पता नहीं चल सका है। लोग मोहम्मद यूनुस को अशांति का दूत बताने लगे हैं। उनपर कट्टरपंथियों का साथ देने का आरोप लगा रहे हैं। उनसे शांति के लिए नोबेल पुरस्कार वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इन पोस्टरों के बारे में लोगों ने बताया कि यह तो कुछ नहीं है। अगर बांग्लादेश सरकार के रवैये में बदलाव नहीं आया तो इससे भी बड़े स्तर पर विरोध देखने को मिल सकता है।



# शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी ने पांचवीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट की दाखिल

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक भर्ती घोटाले में 30 नवंबर को 29 आरोपी व्यक्तियों/संस्थाओं के खिलाफ कोलकाता की विशेष न्यायालय (पीएमएलए) के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत पांचवीं सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की। कोर्ट ने 30 नवंबर को ही इसका संज्ञान लिया। बता दें कि इससे पहले ईडी ने शिक्षा विभाग के तत्कालीन प्रभारी मंत्री पार्थ चटर्जी और राज्य प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के तत्कालीन अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य समेत 25 आरोपियों और संस्थाओं के खिलाफ एक अभियोजन शिकायत और चार सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी। विशेष अदालत इसका पहले ही संज्ञान ले चुकी है। ईडी ने सीबीआई की ओर से विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज की गई एफआईआर के आधार पर प्राथमिक शिक्षक की अवैध नियुक्ति मामले की जांच शुरू की थी। उल्लेखनीय है कि इस मामले में पार्थ चटर्जी के करीबी सहयोगियों के घर से कुल 49.80 करोड़ रुपये की नकदी और 5.08 करोड़ रुपये मूल्य के सोने और आभूषण जब्त किए गए। इससे पहले मामले में कुल लगभग 95 करोड़ की रुपये के 6 अनंतिम कुर्की (प्रोविजनल अटैचमेंट) आदेश जारी किए गए थे। अब तक कुल लगभग 151.26 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त और कुर्क की गई है, जो आरोपी व्यक्तियों और संस्थाओं के नाम पर है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।



### एथर एनर्जी ने श्रीलंका के कोलंबो में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर खोला

**कोलकाता, समाज्ञा :** इलेक्ट्रिक स्कूटर उद्योग में भारत की प्रमुख कंपनी, एथर एनर्जी लिमिटेड ने कोलंबो, श्रीलंका में अपना पहला एक्सपीरियंस सेंटर, एथर स्पेस खोला है। यह एथर की अंतर्राष्ट्रीय विस्तार योजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे पहले कंपनी ने नवंबर, 2023 में नेपाल में अपना एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किया था, जिसके बाद श्रीलंका दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्थान है, जहां कंपनी ने प्रवेश किया है। इस एक्सपीरियंस सेंटर में श्रीलंका के ग्राहक एथर के फ्लैगशिप स्कूटर, एथर 450एक्स की टेस्ट राईड लेकर उसे खरीद सकेंगे। यह स्कूटर परफॉर्मेंस सेगमेंट के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करता है। यह एक्सपीरियंस सेंटर सेंसेई कैपिटल पार्टनर्स, आत्मन ग्रुप और सिनो लंका प्राईवेट लिमिटेड के बीच एक संयुक्त उपक्रम, इवॉल्यूशन ऑटो प्राईवेट लिमिटेड के साथ गठबंधन में खोला गया है।

## कडेया हत्याकांड में हाईकोर्ट ने केस डायरी की तलब, 23 दिसंबर को करना पड़ेगा जमा

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने कडेया हत्याकांड में केस डायरी तलब की है। जिसे 23 दिसंबर को कोर्ट में जमा किया जाएगा। जस्टिस तीर्थंकर घोष इसे देखने के बाद ही इस मामले में अगला फैसला सुनाएंगे। इस बीच इस मामले की सुनवाई इसी हफ्ते निचली अदालत में हो रही है। हाई कोर्ट उस सुनवाई को रोकना नहीं चाहता है। राज्य पहले ही दावा कर चुका है कि असम के तिनसुकिया से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ चार्जशीट जारी कर दिया गया है और मृतक की स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। हालांकि, जस्टिस घोष के मुताबिक, मृतक की पत्नी ने दावा किया कि इस हत्या में कई अन्य लोग शामिल थे। ऐसे में कोर्ट पहले केस डायरी देखना चाहती है, फिर अंतिम निर्देश दिये जायेंगे।

गत 12 जुलाई को कड़ेया थाना क्षेत्र में एक युवक का लहूलुहान अवस्था में शव बरामद किया गया था। युवक के शरीर पर कई चोटें थीं। मृतक की पत्नी नगमा बेगम ने दावा किया कि कई लोगों ने मिलकर उसके पति की हत्या की है। उन्होंने पुलिस की भूमिका को लेकर भी गुस्सा जताया। मृतक युवक का नाम समशेर अली(38) है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, वह पेशे से ठेकेदार था। समशेर कडेया थाना क्षेत्र के क्वेस्ट मॉल के पीछे समसुल हुडा रोड पर काशीबागान मैदान से सटे इलाके का रहने वाला है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार रोकने हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार उच्च स्तरीय वार्ता करें : स्वामी परमात्मानंद महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज का स्वागत ब्रह्ममयी काली मंदिर, निर्वाणी पंचायती अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मानंद महाराज, श्री गोवर्धन गौशाला (पुरी) के अध्यक्ष मूलचंद राठी, माथुर वैश्य समाज के राजेंद्र गुप्ता (कपूरवाले) एवं कार्यकर्ताओं ने किया। स्वामी परमात्मानंद महाराज ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर असामाजिक तत्वों द्वारा अत्याचार की निंदा करते हुए समस्या के समाधान हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार से उच्च स्तरीय वार्ता करने का निवेदन किया। उन्होंने सीएए के संदर्भ में नागरिकता कानून लागू करने का आह्वान किया। राजगुरु बीकानेर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने गंगासागर तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा गंगा - उद्गम यात्रा गंगोत्री, गोमुख से उद्गमित होकर सहायक सरिताओं से जल प्राप्त कर 2,500 से अधिक किलोमीटर की दूरी तय करते हुए बंगाल की खाड़ी में सागर संगम करती है। गंगा को भारत की पवित्र नदी माना जाता है। गंगा में स्नान करने से पाप धुल जाते हैं और आत्मा शुद्ध होती है। गंगा के किनारे अनेक पवित्र तीर्थ स्थल, शहर हैं। वाराणसी, हरिद्वार, गंगोत्री, इलाहाबाद और ऋषिकेश जैसे शहर धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। समाजसेवी राजकुमार मूंधड़ा, महेश आचार्य, धनेश रांधड़, राजेंद्र कुमार सोनी, ब्रह्मचारी संजय महाराज, पंडित विष्णु झा, राजू शर्मा एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। सत्संग भवन के ट्रस्टी पंडित लक्ष्मीकांत तिवारी, दीपक मिश्रा ने सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।



## आईआईटी खड़गपुर के छात्रों को नौकरी के 800 से अधिक प्रस्ताव मिले

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के छात्रों को 2024-25 प्लेसमेंट सत्र के पहले दो दिन में 800 से अधिक नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं। संस्थान ने एक बयान में यह जानकारी दी। दिए गए अधिकांश प्रस्ताव सॉफ्टवेयर, एनालिटिक्स, वित्त, बैंकिंग, परामर्श और मुख्य इंजीनियरिंग क्षेत्रों में थे। छात्रों को 13 अंतरराष्ट्रीय ऑफर भी मिले हैं। 11 छात्रों को एक करोड़ रुपये (सालाना) से अधिक का पैकेज मिला है, जबकि अबतक का सबसे अधिक पैकेज 2.14 करोड़ रुपये का मिला है। एप्पल, कैपिटल वन, डीई शा, ग्लीन, गूगल, ग्रेविटन, माइक्रोसॉफ्ट, आप्टिवर, क्वांटबाक्स, डेटाब्रिक्स, स्क्वायरपाइंट कैपिटल, एबुलिएंट सिक्योरिटीज कुछ ऐसी कंपनियां थीं जिन्होंने पहले दिन प्लेसमेंट सत्र में भाग लिया। क्वालकॉम, अमेरिकन एक्सप्रेस, फ्लिपकार्ट, मास्टरकार्ड जैसी कंपनियों ने छात्रों को बड़ी संख्या में प्रस्ताव दिए हैं। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर वी के तिवारी ने कहा कि जब वर्तमान प्लेसमेंट सत्र धीमा है, आईआईटी खड़गपुर प्लेसमेंट में 800 से अधिक ऑफर के साथ शीर्ष पर है। यह अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि हम किस तरह ऐसे नेतृत्वकर्ताओं को तैयार कर रहे हैं जो राष्ट्रनिर्माण में योगदान देंगे।



# अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय डिप्लोमा प्रोग्राम्स में 2025-26 के लिए प्रवेश सूचना

**कोलकाता, समाज्ञा**

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय एजुकेशन में डिप्लोमा प्रोग्राम्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। यह डिप्लोमा प्रोग्राम अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैंपस में चलेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2025, साक्षात्कार दिसंबर 2024 और जनवरी 2025, वहीं, कक्षाएं मार्च, 2025 से प्रारंभ होंगी। ये एक साल के पार्ट-टाइम डिप्लोमा का पाठ्यक्रम हैं। कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होंगी। यह कोर्स शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए तैयार किया गया है। इसमें शिक्षक, शिक्षक प्रशिक्षक, विशेष प्रशिक्षक, स्कूल प्रशासक या स्कूली शिक्षा क्षेत्र में काम करने वाले किसी सरकारी/निजी/एनजीओ के साथ कम- से-कम दो साल तक काम करने वाले व्यक्ति प्रवेश ले सकते हैं। हर डिप्लोमा एक साल का पार्ट-टाइम पाठ्यक्रम है। इनकी कक्षाएं ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से होंगी। ऑफलाइन कक्षाएं अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु कैंपस होंगी। हर डिप्लोमा प्रोग्राम में 12 हफ्तों के 4 सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स हैं। हर सर्टिफिकेट प्रोग्राम 12 हफ्तों का है। प्रतिभागियों को पूरे डिप्लोमा प्रोग्राम या इनमें से किसी एक सर्टिफिकेट प्रोग्राम में शामिल होने की सुविधा दी जाएगी।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एजुकेशन के निदेशक, अंकुर मदान का कहना है, अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में चलाए जाने वाले एजुकेशन से संबंधित डिप्लोमा प्रोग्राम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में परिकल्पित न्यायसंगत और समावेशी समाज के लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार किए गए हैं।

## राज्य के स्कूलों में प्रबंधन समितियों का कार्यकाल समाप्त होने पर बैठेंगे प्रशासक, अधिसूचना जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ष 2022 में जिन राज्य के स्कूलों की प्रबंधन एसोसिएशन का कार्यकाल समाप्त हो गया है, वे अब मान्य नहीं हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा यह जानकारी दी गई है। नोटिफिकेशन के मुताबिक उन स्कूलों में प्रशासकों की नियुक्ति की जाएगी। उस संदर्भ में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों से रिपोर्ट भी मांगी गयी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक जिन स्कूलों में प्रबंधन संघ का कार्यकाल 2022 या उससे पहले समाप्त हो रहा है, वहां प्रशासक बैठेंगे। उस एसोसिएशन का कार्यकाल दोबारा नहीं बढ़ाया जाएगा। इस बीच, सभी सरकारी स्कूलों में जहां 2022 से पहले प्रबंधन समितियां गठित की गई थीं और कार्यकाल विस्तार के कारण अभी भी कार्य कर रही हैं। वहां भी समितियों को समाप्त कर दिया जाएगा और जल्द ही प्रशासकों की नियुक्ति की जाएगी। हालांकि, ऐसे किसी भी स्कूल पर तुरंत कोई फैसला नहीं लिया जाएगा, जिसके प्रबंधन संघ का मामला अदालत में लंबित है। कोर्ट अगर कोई आदेश देती है तो उसके आधार पर आगे का निर्णय लिया जाएगा। साल 2025 की माध्यमिक परीक्षा से पहले स्कूलों का प्रशासनिक कार्य और अधिक सुचारु रूप से पूरा हो सके, इसे देखते हुए प्रशासकों की शीघ्र नियुक्ति की पहल की जा रही है। सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को यह पत्र मिलने के 10 दिन के अंदर माध्यमिक शिक्षा परिषद को रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।

# मेडिकल काउंसिल के खिलाफ डॉक्टरों ने रात भर किया धरना-प्रदर्शन

### पुलिस व डॉक्टरों के बीच विवाद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल कार्यालय के सामने सोमवार की रात से डॉक्टरों के एक समूह ने धरना शुरू किया, जो मंगलवार की सुबह तक रहा। इस दौरान, पुलिस के साथ उनकी तीखी बहस भी हुई। दरअसल, प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने काउंसिल के हालिया फैसले का विरोध करते हुए कार्यालय के बाहर डेरा डाल रखा। मामला काउंसिल के उन दो सदस्यों, अभीक दे और बिरुपाक्ष विश्वास, से जुड़ा है, जिन्हें सरकारी अस्पताल में कथित 'दादागीरी' और विवादों के कारण पहले निलंबित कर दिया गया था। सोमवार को काउंसिल ने उनके निलंबन को रद्द कर दिया और बैठक में शामिल होने की अनुमति दी। इसके खिलाफ 'ज्वाइंट प्लेटफॉर्म ऑफ डॉक्टर्स' और 'वेस्ट बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट' के सदस्य प्रदर्शन कर रहे हैं। धरनास्थल पर मौजूद वरिष्ठ डॉक्टरों का कहना है कि अभीक और बिरुपाक्ष के खिलाफ पहले उठाए गए कदम को यदि वैध ठहराया गया था, तो अब इसे क्यों रद्द किया गया? प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह फैसला आंदोलन को कमजोर करने और डॉक्टरों को डराने के लिए लिया गया है। मंगलवार की सुबह पुलिस ने प्रदर्शनकारियों का तंबू हटाने की कोशिश की, जिससे विवाद बढ़ गया। पुलिस का कहना है कि उनके काम में बाधा दी जा रही है, जबकि प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का कहना है कि अभीक और बिरुपाक्ष के कार्यालय में प्रवेश को रोकने के लिए उनका धरना जारी रहेगा। दोनों पक्षों के बीच बहस के बाद भी डॉक्टरों को वहां से हटाया नहीं जा सका।

### एएससीआई की अर्ध-वार्षिक शिकायत रिपोर्ट 2024-25 में रियल एस्टेट और ऑफशोर बेटिंग विज्ञापनों का बोलबाला रहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** ऐड्वर्टाइज़िंग स्टैंडर्ड्स कौंसिल ऑफ़ इंडिया (एएस-सीआई) ने अपनी अर्ध-वार्षिक शिकायत रिपोर्ट 2024-25 जारी की है। रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि रियल एस्टेट और ऑफशोर बेटिंग के क्षेत्र में भ्रामक और अवैध विज्ञापनों की महत्वपूर्ण मौजूदगी है। एएससीआई ने अप्रैल और सितंबर 2024 के बीच 4016 शिकायतों की समीक्षा और 3031 विज्ञापनों की जांच की। इन समीक्षित विज्ञापनों में से 98% विज्ञापनों में कुछ संशोधन की आवश्यकता पाई गई। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर एएससीआई की निरंतर निगरानी में कुल विज्ञापनों के 93%, यानी 2830 विज्ञापनों पर कार्रवाई की गई। जिन विज्ञापनों की जांच की गई, उनमें से 2087 विज्ञापनों में कानून का उल्लंघन पाया गया, जिनमें से 1027 विज्ञापनों के बारे में एएससीआई और महारेरा के संपन्न समझौता ज्ञापन के तहत महाराष्ट्र रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (महारेरा) को रिपोर्ट किया गया।

## पॉक्सो केस में फंसा पिता तो बेटी ने की आत्महत्या, लेक टाउन में फैला तनाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौवीं कक्षा की एक छात्रा की असामान्य मौत को लेकर मंगलवार की दोपहर लेक टाउन के दक्षिणदाड़ी इलाके में तनाव फैल गया। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि लड़की के पिता को पॉक्सो एक्ट के तहत झूठे मामले में फंसाया गया है। इस वजह से लड़की ने शर्म और अपमान में आत्महत्या कर ली। उसका लटका हुआ शव घर से बरामद किया गया। इसके बाद, मृतक के परिजन और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गये। सूचना मिलने के बाद जब पुलिस शव को बरामद करने पहुंची तो शव को घेरकर विरोध प्रदर्शन भी किया गया। स्थानीय लोगों ने मांग की कि पहले नाबालिग के पिता को थाने से रिहा किया जाए, इसके बाद ही शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने दिया जाएगा। स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने एक अन्य नाबालिग की शिकायत के आधार पर सोमवार को मृत नाबालिग के पिता को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। इस दिन, आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया गया। इसके बाद, नौवीं कक्षा की छात्रा ने अपने पिता पर झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों की शिकायत है कि उसने शर्म और अपमान के कारण आत्महत्या कर ली।



### ममता के निर्देश पर पार्टी विधायकों का बना वाट्सएप ग्रुप, मंत्री अरूप विश्वास को दायित्व

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के निर्देशानुसार सत्तारूढ़ पार्टी के विदायक दल के लिए एक वाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री ने तृणमूल विधायकों की बैठक में एक वाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्देश दिया था। साथ ही, इसका दायित्व अपने करीबी मंत्री अरूप विश्वास को सौंपा था। इसके बाद, अरूप ने 'पश्चिम बंगाल विधानसभा सदस्य' नाम से एक ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप में सभी पार्टी विधायकों को जोड़ा गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सोमवार को ममता के आदेश के बाद रात से ही इस पर अमल शुरू हो गया था। मंगलवार को विधानसभा सत्र में दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक ब्रेक रहा। उस दौरान पार्टी के विधायक वाट्सए ग्रुप में नाम शामिल करने के लिए एक-एक कर अरूप विश्वास के कक्ष में जाने लगे। मंगलवार की दोपहर सयंतिका बनर्जी, अरुणाभ सेन, मुकुटमणि अधिकारी, राणा चट्टोपाध्याय और कई अन्य विधायक अरूप के कक्ष में गए।

# सीडब्ल्यूबीटीए ने बाजारों में फायर सेफ्टी के लिए जागरूकता शिविर की मेजबानी की

**कोलकाता, समाज्ञा :** कन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेडर्स एसोसिएशन (सीडब्ल्यूबीटीए) ने फायर सेफ्टी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित शिविर की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में विभिन्न बाजारों से 147 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसका उद्देश्य व्यापारियों को जीवन रक्षक ज्ञान और कौशल से लैस करना है। सीडब्ल्यूबीटीए कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल सरकार के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग के प्रमुख अधिकारी शामिल हुए। इस शिविर की शुरुआत **सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार** के एक व्यावहारिक स्वागत भाषण के साथ हुई। जिन्होंने व्यापारिक समुदाय के लिए अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण महत्व पर जोर दिया। सीडब्ल्यूबीटीए के सचिव सी.के. वरदराजन ने वाणिज्यिक स्थानों में आग के जोखिमों को कम करने के लिए जागरूकता और तैयारी बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस मौके पर उपस्थित राज्य अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर अग्निशमन विभाग के सचिव आईएएस मनोज कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सुरक्षा विशेषज्ञ उत्पल भद्र, उप सचिव संजय बनर्जी, उप अग्निशमन अधिकारी सुदिप्तो बिट, अग्निशमन विभाग के पांच टेक्निकल ऐसिस्टेंट, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के दो तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हुए। उन्होंने अपनी अमूल्य विशेषज्ञता की पेशकश करते हुए अत्याधुनिक अग्नि सुरक्षा प्रथाओं को साझा किया। इस कार्यक्रम में सीडब्ल्यूबीटीए ट्रेडिंग कम्युनिटी के एन.के. कपाड़िया, जी.डी. बागड़ी, एस.के. चोरारिया, राजकुमार मुछाल, शीतल दासानी, बिनोद संचेती, संजय पोद्दार, अजय चौधरी, रमेश अग्रवाल, नरेश जालान, पी.एल. शाह, प्रदीप खेतान और चंद्रेश मेघानी की सक्रिय भागीदारी भी देखी गई। इस कार्यक्रम ने अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग और सीडब्ल्यूबीटीए के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में भी काम किया, जिससे कोलकाता में अग्नि-सुरक्षित व्यापार वातावरण को बढ़ावा देने के लिए साझा प्रतिबद्धता को मजबूत किया गया। इस शिविर के माध्यम से, सीडब्ल्यूबीटीए शहर के व्यापारिक समुदाय में आग के जोखिमों को कम करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



### राज्य में तीन दिवसीय दौरे के लिए आएंगे मोहन भागवत

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत राज्य का दौरा कर रहे हैं। आरएसएस प्रमुख जनवरी के पहले सप्ताह में राज्य में आ सकते हैं। बांग्लादेश के बिगड़े हालात में उनका राज्य में आना निश्चित तौर पर अहम है। बताया जा रहा है कि इस राज्य में संघ की विभिन्न शाखाएं आंदोलन में कितनी सफल हैं, इस मुद्दे पर समीक्षा बैठक होगी। इसके साथ ही मोहन भागवत उनकी संगठनात्मक बैठक को भी संबोधित करेंगे। राज्य के बीजेपी नेताओं की भी उनसे मुलाकात करने की संभावना है।



एमसीसीआई के अध्यक्ष अमित सरावगी ने नई दिल्ली में भारत सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ की मुलाकात।

## महिला संगठन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

**चिरेका :** चिरेका महिला कल्याण संगठन द्वारा संचालित रेल नगरी स्थित आशा किरण केंद्र में आज 03.12.2024 को इस वर्ष की थीम 'समावेशी और टिकाऊ भविष्य के लिए विकलांग व्यक्तियों के नेतृत्व को बढ़ावा देना'' विषय पर अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया।इस मौके पर श्रीमती नमिता मल्होत्रा,अध्यक्षा,चिरेका महिला कल्याण संगठन के द्वारा केंद्र में अध्यनरत 14 छात्र -छात्राओं को पाठ्य सामग्री और जलपान सामग्री वितरित किए गए। इस मौके पर अपने संबोधन में श्रीमती मल्होत्रा ने कहा कि प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है और प्रत्येक यात्रा असाधारण है। दिव्यांग कोई असमर्थता नहीं है. यह ताकत,लचीलापन और परिप्रेक्ष्य की शक्ति है। दिव्यांग जनों को समर्पित इस अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आइए एक ऐसी दुनिया बनाने के लिए प्रतिबद्ध हों जहां समावेशन वैकल्पिक नहीं बल्कि मौलिक हो। यहां अध्यनरत बच्चों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कार्यक्रम के मौके पर अध्यक्षा महोदया द्वारा कुल 5 कर्मचारियों को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। ड्राइंग कंपटीशन में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले तीन विजयी प्रतिभागियों को भी पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर चिरेका महिला कल्याण संगठन की सचिव सह कोषाध्यक्ष श्रीमती सचिका अग्रवाल,संयुक्त सचिव श्रीमती प्रीति पांडे,आशा किरण केंद्र की प्रभारी श्रीमती शिखा सिंह सहित चिरेका महिला कल्याण संगठन की सदस्या और विद्यालय परिवार के बच्चे और अध्यापिकाएं मौजूद थीं।



## महिला सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफल रहीं बंगाल और दिल्ली की सरकारें : अन्नपूर्णा देवी

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को दिल्ली और पश्चिम बंगाल सरकारों पर केंद्र सरकार से वित्त पोषण और सहयोग के बावजूद महत्वपूर्ण महिला सुरक्षा उपायों को लागू करने में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली सरकार ने संकट से घिरी महिलाओं की सहायता के लिए बनाए गए 'निर्भया कोष' के तहत स्थापित 'वन-स्टॉप सेंटर' (ओएससी) के कर्मचारियों को भुगतान नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि केंद्र ने निर्भया कोष जैसी पहल के माध्यम से राज्यों को लगातार समर्थन दिया है, लेकिन राज्य स्तर पर कार्यान्वयन में देरी देखना निराशाजनक है।

देवी ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) के तहत मामलों में तेजी लाने के लिए त्वरित अदालतों का संचालन नहीं करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार की भी आलोचना की। महिला सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि देश भर में 802 ओएससी का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है, जिनके माध्यम से 10 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसा ऐतिहासिक कदम उठाया गया है, जो संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है।

### मेट्रो रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर विशेष टिकट-जांच अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा**

मेट्रो रेलवे द्वारा बिना उचित टिकट के साथ यात्रा करने वालों को पकड़ने के लिए लगातार अभियान चलाया जाता है। इसी के तहत, मेट्रो रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर एक विशेष टिकट जांच अभियान चलाया। पिछले एक महीने में टिकट चेकिंग टीम ने बिना टिकटनयात्रा करने पर 175 यात्रियों पर जुर्माना लगाया है। मेट्रो रेलवे द्वारा यात्रियों से बार-बार उचित यात्रा प्राधिकार के साथ यात्रा करें और स्टेशन परिसर और ट्रेनों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए अनुरोध किया जाता है। मेट्रो रेलवे ने ऐसी अनियमित यात्रा को रोकने के लिए बड़े पैमाने पर टिकट चेकिंग अभियान शुरू किया है।

# बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ, हिंदू संत के वकीलों को पीटा गया : शुभेंदु अधिकारी

❑ भाजपा विधायक ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर की एकजुटता की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि बांग्लादेश में मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि गिरफ्तार हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के वकील कट्टरपंथियों द्वारा पिटाई किये जाने की वजह से पड़ोसी देश की अदालत में पेश नहीं हो सके। शुभेंदु अधिकारी ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों पर कथित अत्याचारों को रोकने के लिए



दुनिया भर के मानवाधिकार संगठनों से तत्काल हस्तक्षेप की भी मांग की। उन्होंने कहा कि कम से कम 70 वकीलों को झूठे मामलों में फंसाया गया है। मुझे खबर मिली है कि उन्हें गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के मुख्य वकील रमन रॉय को जमात के कट्टरपंथियों ने बुरी तरह पीटा। उनकी ओर से पेश होने वाले व्यक्ति रेगन आचार्य की भी बुरी तरह से पिटाई की गई। इस दिन, विधानसभा के बाहर शुभेंदु अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों वकीलों को गिरफ्तार हिंदू संत की ओर से अदालत में पेश होना था, लेकिन अब वे अपनी जान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह मानवाधिकारों का पूर्ण उल्लंघन है और मेरा मानना है कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए। शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार का उल्लेख करते हुए हिंदुओं से एकजुट रहने और अत्याचारों के खिलाफ खड़े होने की अपील की। शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि इस्कॉन की उपस्थिति पूरी दुनिया में है और उसे इस पर सख्ती से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। बांग्लादेश में एक आतंकवादी समूह काम कर रहा है, जो हमास, आईएसआईएस और तालिबान से भी बदतर है। हिंदुओं के लिए अपनी आवाज उठाने का यह सही समय है। उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेश की स्थिति के खिलाफ अपना प्रदर्शन तेज करेगी। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि हम अपना विरोध प्रदर्शन तेज करेंगे।दुनिया भर के हिंदुओं को एकजुट होना होगा।

❑ **मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा भ्रष्टाचार पर शुभेंदु अधिकारी का ममता सरकार पर हमला**

राज्य में मेडिकल कॉलेज एडमिशन कोटा भ्रष्टाचार मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ताबड़तोड़ छापेमारी की है। इस पर, विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस मामले में और कई बड़े नेता और प्रभावशाली लोग फंसेंगे। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि बंगाल सरकार का स्वास्थ्य विभाग भी इस भ्रष्टाचार में सीधे शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि 2018 से एनआरआई कोटा के तहत यह घोटाला चल रहा था और यह छापेमारी बहुत पहले होनी चाहिए थी। अब जब ईडी ने कार्रवाई शुरू की है, तो बड़ी नामों का खुलासा होने की संभावना

## 'भगवा वस्त्र न पहनें, उतारो माला और पोछ डालो तिलक'

❑ बांग्लादेश में रह रहे पुजारियों को कोलकाता इस्कॉन की सलाह

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में हिंदुओं और इस्कॉन पुजारियों के खिलाफ बढ़ती हिंसा को देखते हुए इस्कॉन कोलकाता ने हिंदुओं और पुजारियों को एक सलाह दी है। हिंदुओं पर हमलों के बीच, इस्कॉन कोलकाता ने पड़ोसी देश में अपने सहयोगियों और अनुयायियों को सलाह दी है कि वे तिलक मिटा दें और तुलसी की माला छिपा लें, अपना सिर ढक लें और भगवा पहनने से बचें। यह सलाह इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास की तरफ से दी गई है। उन्होंने कहा कि मैं सभी भिक्षुओं और सदस्यों को सलाह दे रहा हूं कि संकट की इस घड़ी में, उन्हें अपनी सुरक्षा करने और संघर्ष से बचने के लिए बहुत सावधान रहना चाहिए। मैंने उन्हें सुझाव दिया है कि वे भगवा कपड़े और माथे पर सिन्दूर लगाने से बचें। राधारमण दास ने आगे कहा कि यदि उन्हें भगवा डोरे पहनने की आवश्यकता महसूस हो तो उन्हें इसे इस प्रकार पहनना चाहिए कि वह कपड़ों के अंदर छिपा रहे और गर्दन के आसपास दिखाई न दे। यदि संभव हो तो उन्हें अपना सिर भी ढकना चाहिए। संक्षेप में, उन्हें हर संभव उपाय करना चाहिए जो भिक्षुओं के रूप में सामने न आए। राधारमण दास ने ये भी दावा किया कि चिन्मय दास के वकील रमण रॉय को इतना पीटा गया कि वह आईसीयू में जिंदगी मौत की जंग लड़ रहे हैं। राधारमण दास ने आगे कहा कि वकील रॉय पर यह क्रूर हमला चिन्मय कृष्ण प्रभु की उनकी कानूनी रक्षा का प्रत्यक्ष परिणाम है। यह बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करने वालों के सामने बढ़ते खतरे को दर्शाता है।

### चिन्मय दास का पक्ष रखने के इच्छुक वकीलों को मिलें सुरक्षा : इस्कॉन कोलकाता

अंतराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) कोलकाता ने मंगलवार को बांग्लादेश सरकार से अपील की कि वह हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के खिलाफ चल रहे मुकदमे में उनका प्रतिनिधित्व करने के इच्छुक वकीलों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। इस्कॉन कोलकाता ने यह अपील चिन्मय दास के वकील पर हुए क्रूर हमले के बाद की है। बांग्लादेश की एक अदालत ने मंगलवार को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार हिंदू संत की जमानत याचिका पर सुनवाई अगले महीने तक के लिए टाल दी, क्योंकि उनकी ओर से कोई वकील पेश नहीं हुआ। राधारमण दास ने हिंदू संत का पक्ष रखने के वास्ते किसी वकील के उपस्थित न होने के लिए बांग्लादेश सरकार की आलोचना की और कहा कि यह बुनियादी मानवाधिकारों के खिलाफ है। राधारमण दास ने कहा कि यह देखना बहुत निराशाजनक है कि बचाव पक्ष का कोई वकील वहां नहीं था। क्या यही न्याय है? क्या इस तरह से आप स्वतंत्र और निष्पक्ष न्याय प्रदान करते हैं? हम बांग्लादेश सरकार से इस मामले पर गौर करने का आग्रह करेंगे। राधारमण दास के अनुसार, सुरक्षा चिंताओं को हवाला देते हुए रॉय पर हमले के बाद चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई नया वकील आगे नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अभी तक उनका केस लड़ने के लिए कोई नया वकील सामने नहीं आया है। जो लोग चाहते हैं, उन्हें डर है कि कहीं उन्हें भी रॉय जैसा ही अंजाम न भुगतना पड़े। हम बांग्लादेश सरकार से अनुरोध करेंगे कि वह इस मामले को लड़ने के लिए इच्छुक वकीलों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराए।

### बजबज ट्रंक रोड में ब्रिज के नीचे कबाड़ की अवैध दुकान में लगी आग

**कोलकाता, समाज्ञा :** महेशतल्ला स्थित बजबज ट्रंक रोड में ब्रिज के नीचे अवैध दुकानों में आग लगने से हड़कंप मच गया और लोगों में दहशत फैल गई। बीच रोड में ब्रिज के नीचे अवैध दुकानों में आग से काफी नुकसान की खबर है। दमकल की दो गाड़ी आग पर काबू पा लिया। मामले पर स्थानीय लोगों का आरोप है कि गैर कानूनी तौर पर बजबज ट्रंक रोड में ब्रिज के नीचे अवैध कब्जा कर दुकाने स्थापित की गई है और इससे लोगों को यातायात में परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां जिस दुकान में आग लगी वह कबाड़ की बतायी जा रही है। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग फैली।

## 'विदेश मंत्री ताजा हालात की दें जानकारी', बांग्लादेश के मामले पर बोली तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदायों खासकर हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा का मुद्दा मंगलवार को लोकसभा में उठाया। पार्टी के वरिष्ठ नेता सुदीप बंदोपाध्याय ने शून्यकाल के दौरान कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और हत्याएं की जा रही हैं और इस पर केंद्र सरकार को तुरंत कदम उठाना चाहिए। बंदोपाध्याय ने आरोप लगाया कि इस गंभीर मुद्दे पर केंद्र सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को संयुक्त राष्ट्र से अपील करनी चाहिए कि बांग्लादेश में तत्काल शांति रक्षक बल भेजे जाएं, ताकि वहां की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। तृणमूल नेता ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी संसद में आकर बांग्लादेश के ताजा हालात के बारे में जानकारी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार बांग्लादेश के मामले पर कोई निर्णय लेती है, तो पश्चिम बंगाल की सरकार उसके साथ खड़ी रहेगी।

## हाईकोर्ट ने दुष्कर्म पीड़िता की संतान का डीएनए टेस्ट करने का दिया आदेश

❑ आरोपित ने कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया था कि वह पीड़िता के बच्चे का पिता नहीं है

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट ने आरोपित की याचिका स्वीकार करते हुए दुष्कर्म पीड़िता की संतान का डीएनए टेस्ट (पितृत्व परीक्षण) कराने का आदेश दिया है। पीड़िता के पिता का आरोप है कि आरोपित ने शादी का वादा कर उनकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाया। इससे वह गर्भवती हो गई है। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। बाद में, पीड़िता ने एक बच्चे का जन्म



दिया। इसके बाद, आरोपित ने यह दावा करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया कि वह बच्चे का पिता नहीं है। उसका महिला से कोई संबंध नहीं था। उसने यहां तक दावा किया कि महिला का किसी अन्य पुरुष के साथ संबंध था। हाईकोर्ट की न्यायाधीश शंपा दत्त की एकल पीठ ने मामले में आरोपित की दलील पर सहमति जताई और पीड़िता के बच्चे का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश दिया। इससे पहले आरोपित ने निचली अदालत में आवेदन देकर महिला और उसके बच्चे के डीएनए परीक्षण की अनुमति मांगी थी। हालांकि, निचली अदालत ने अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद, आरोपित ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने आरोपित को डीएनए टेस्ट के लिए निचली अदालत में एक लाख रुपये जमा करने का भी आदेश दिया है। अगर पीड़ित बच्चे की डीएनए टेस्ट रिपोर्ट सकारात्मक आती है तो पैसा पीड़िता और उसके बच्चे को दे दिया जाएगा।

## तृणमूल पार्षद की हत्या के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपित स्कूटर चालक को बिहार से पकड़ा

❑ अबतक मामले में सात की गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के तृणमूल पार्षद सुशांत घोष की हत्या की कोशिश के आरोप में पुलिस ने बिहार के वैशाली से एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या सात हो गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार युवक का नाम लक्ष्मण शर्मा उर्फ छोटू है। कोलकाता पुलिस ने मंगलवार की सुबह वैशाली जिले के चकेयाज गांव से युवक को गिरफ्तार किया। जांचकर्ताओं के मुताबिक, मामले में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के दौरान छोटू का नाम सामने आया था। उसे जल्द ही स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा और हिरासत में लिया जाएगा। 15 नवंबर की घटना में



आरोपित शूटर युवराज सिंह को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि, घटना के बाद स्कूटर चालक छोटू भाग गया। घटना वाले दिन शूटर युवराज को छोटू ने पार्क सर्कस इलाके के बुंदेल गेट से स्कूटर पर उठाया था। आरोप है कि घटना से पहले छोटू गुलजार के साथ इलाके की टोह लेने गया था। छोटू के पास से एक असलहा भी बरामद हुआ। गिरफ्तार छोटू भले ही स्थानीय निवासी है, लेकिन पुलिस ने बिहार से गिरफ्तार किया है। बता दें कि युवराज ने सुशांत पर उनके घर के सामने गोली चलाने की कोशिश की थी। लेकिन रिवाल्वर से गोली नहीं निकली। वह छोटू के साथ स्कूटर पर आया था। सुशांत और उनके समर्थकों ने युवराज को पकड़ लिया। बाद में, मुख्य साजिशकर्ता अफरोज खान उर्फ गुलजार, अहमद अली नाम का टैक्सी ड्राइवर, घटना का अन्य मास्टरमाइंड फूलबाबू और अली पकड़े गए। हत्या के प्रयास में प्रयुक्त पिस्तौल जब्त कर ली गई है। स्कूटर भी जब्त कर लिया गया। हालांकि, जांचकर्ताओं का दावा है कि सुशांत की हत्या की साजिश में कई अन्य लोग भी शामिल हैं। उनकी अभी भी तलाश की जा रही है।

## दिशाहीन घूमती हुई बुजुर्ग महिला को पुलिस ने घर पहुंचाया

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा थानांतर्गत चौधरी बागान के एनएस रोड में सोमवार रात को एक बुजुर्ग महिला को अकेले घूमते हुए पाया गया। थाना की नाइट आरटी मोबाइल महिला के पास पहुंची और दिशाहीन तरीके से घूमने के कारण उन्हें बचाकर थाना ले आई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर महिला अपना पता या फोन नंबर बताने में असमर्थ रही। हावड़ा पुलिस को काफी देर तक तलाश करने के बाद पता चला कि महिला लेकटाउन की कालिंदी हाउसिंग एस्टेट की रहने वाली है। इसके बाद, पुलिस ने तुरंत महिला के परिवार वालों से संपर्क किया। सूचना मिलते ही महिला की बेटी और दामाद हावड़ा थाना पहुंचे और




उचित सत्यापन के बाद महिला को उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### भाजपा सांसद ने उठाया बंगाल में रोहिंग्याओं के कारण बढ़ते खतरे का मुद्दा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य ने बंगाल में रोहिंग्याओं के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बढ़ते खतरे का मुद्दा उठाते हुए राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर वोट बैंक के लिए अनदेखी का आरोप लगाया है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि कोलकाता में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स के बाहर एक बड़े इलाके पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। यह कब्जा रोहिंग्याओं ने किया है, जो बांग्लादेश से अवैध तरीके से आए हैं। इन रोहिंग्याओं के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है, क्योंकि यह संवेदनशील संस्थान है। भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि संस्थान के प्रमुख ने पुलिस और जिला प्रशासन से चार बार इसकी शिकायत की है। मगर जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं की गई, क्योंकि ममता सरकार उन्हें हटाना नहीं चाहती है। इस पर, सदन में मौजूद तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने हंगामा किया। उनका कहना था कि इस मामले पर भाजपा सदस्य राजनीति कर रहे हैं।

### उच्च प्राथमिक की वेटिंग लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों की 15 दिसंबर से होगी काउंसलिंग

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च प्राथमिक की वेटिंग लिस्ट में शामिल अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ा अपडेट आया है। स्कूल सर्विस कमिशन के मुताबिक वेटिंग लिस्ट के अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दिसंबर के तीसरे सप्ताह में शुरू होगी। यानी 15 दिसंबर से काउंसलिंग शुरू होगी। यह प्रक्रिया 10 दिनों तक जारी रहेगी। एसएससी सूत्रों के मुताबिक काउंसलिंग 24 दिसंबर को खत्म होगी। क्रिसमस और अंग्रेजी नववर्ष की छुट्टियां 25 दिसंबर से शुरू होती है। इसलिए, एसएससी प्रतीक्षा सूची वाले नौकरी उम्मीदवारों की काउंसलिंग 15 दिसंबर से शुरू होगी और 24 दिसंबर तक पूरी कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि, गत 11 नवंबर को उच्च प्राथमिक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग शुरू हुई थी। काउंसलिंग का पहला चरण 27 नवंबर को पूरा हो गया था। स्कूल सर्विस कमिशन के मुताबिक इस दौरान मेरिट लिस्ट में शामिल 8,749 लोगों की काउंसलिंग पूरी हो चुकी है। इनमें से 6,680 ने अनुशंसा पत्र स्वीकार कर लिया है। बताया गया है कि इस चरण की काउंसलिंग से 2,069 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। हालांकि, इस स्तर पर वेटिंग लिस्ट में करीब 5 हजार नौकरी चाहने वालों के नाम हैं, जिनकी काउंसलिंग 15 दिसंबर से शुरू होगी।

## बंगाल केंद्रीय कल्याण योजना का लाभ 'अयोग्य' लोगों को दे रहा : शिवराज सिंह चौहान

**मनरेगा को लेकर केंद्रीय मंत्री और कल्याण बनर्जी भिड़े, टीएमसी के आरोप का खंडन किया**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी' (मनरेगा) योजना के तहत बजट आवंटन का दुरुपयोग किया गया तथा 'अपात्र' लोगों को लाभ पहुंचाने का अपराध किया गया है। चौहान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी के पूरक प्रश्न पूछे जाने के बाद यह टिप्पणी की। कल्याण बनर्जी ने पूरक प्रश्न पूछते हुए आरोप लगाया कि मनरेगा के बजट आवंटन में पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव किया जा रहा है और उसे देय राशि रोकी गई। तृणमूल कांग्रेस के सांसद के पूरक प्रश्न के उत्तर में चौहान ने कहा कि यह राशि निश्चित उद्देश्यों के लिए होती है। यदि राशि निश्चित उद्देश्यों की पूर्ति में खर्च नहीं की जाती तो इसे रोका जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ निश्चित लोगों को लाभ पहुंचाने का अपराध पश्चिम बंगाल में किया गया। चौहान ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पात्रों को अपात्र और अपात्रों को पात्र कर दिया गया है। यह साबित हो गया...ग्रामीण विकास योजनाओं का नाम बदल दिया गया, जबकि नाम नहीं बदला जा सकता। उनका कहना था कि यह राशि दुरुपयोग के लिए नहीं है। जो गड़बड़ की गई, उस पर पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। मंत्री ने कहा कि (केंद्र में) उधर (कांग्रेस) की सरकार थी तो राशि की बंदरबाट होती थी, लेकिन यह मोदी की सरकार में नहीं होता है। (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी कहते हैं कि न खाऊंगा, न खाने दूंगा। उनके जवाब के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने टोकाटोकी की। मनरेगा से जुड़े कुछ पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने कहा कि धन के आवंटन की कमी की बात गलत है तथा मानदेय कम होने की बात भी गलत है क्योंकि इसका निर्धारण महंगाई से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मनरेगा के बजट में हर साल 10-20 हजार करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई।

## बीएसएफ ने 1.62 करोड़ का सोना किया जब्त, एक तस्कर भी गिरफ्तार

**कोलकाता/मालदह :** बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जवानों ने उत्तर 24 परगना व मालदह जिले में भारत बांग्लादेश सीमा पर अलग- अलग अभियानों में तस्करी के प्रयासों को विफल कर 2.1 किलो वजन के 18 सोने के बिस्कुटों की बड़ी खेप सोमवार को जब्त की। बीएसएफ ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि सोने के साथ एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया। जब्त सोने की अनुमानित कीमत 1.62 करोड़ रुपये है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता व डीआईजी एनके पांडे ने बताया कि सोने की बांग्लादेश से भारत में तस्करी की जा रही थी। इनमें उत्तर 24 परगना में 143 वीं बटालियन की सीमा चौकी तराली-1 से एक तस्कर को छह सोने के बिस्कुटों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, मालदह में 115 बटालियन की सीमा चौकी बोयराघाट इलाके से 12 सोने



के बिस्कुटों को जब्त किया, जब तस्कर इन सोने के बिस्कुटों को मोटरसाइकिल में छिपाकर भारत में अवैध रूप से तस्करी करने का प्रयास कर रहे थे। तराली-1 के जवानों को सोने की तस्करी संबधी विशिष्ट जानकारी पर उन्होंने हकीमपुर चेक पोस्ट पर निगरानी बढ़ा दी। शाम के समय जवानों ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को हकीमपुर चेक प्वाइंट पर रोका और उसकी मोटरसाइकिल की गहन तलाशी के दौरान बाइक के तेल टैंक के अंदर से छह सोने के बिस्कुट बरामद हुए। गिरफ्तार तस्कर ने खुलासा किया कि उसे यह सोने बांग्लादेश के किसी अज्ञात तस्कर से मिला और बीएसएफ के चेक प्वाइंट पार करके बिठारी में किसी अन्य भारतीय तस्कर को इसे सौपना था, जिसके लिए उसे 1200 रुपये मिलते। वहीं, मालदा में इसी तरह की घटना में जवान बाइक की तरफ बढ़े तो संदिग्ध घबरा कर वाहन को छोड़कर भाग गया। तलाशी लेने पर बाइक के सेल्फ स्टार्ट मोटर से 12 सोने के बिस्कुट बरामद हुए। बीएसएफ ने जब्त सोने और गिरफ्तार तस्कर को आगे की कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है।

## गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट का शेफ कुणाल कपूर के साथ समारोह मेरी मिक्सिंग का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** गुरु नानक इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट ने अपने वार्षिक पारंपरिक केक मिक्सिंग समारोह, मेरी मिक्सिंग का आयोजन किया। इस जीवंत कार्यक्रम में प्रसिद्ध सेलिब्रिटी शेफ कुणाल कपूर और अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रहे। इस मौके पर केक मिश्रण की सदियों पुरानी परंपरा का जश्न मनाया गया। यह समारोह क्रिसमस के मौसम की तैयारी के लिए छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों को एक साथ लाता है। यह समारोह एक जीवंत समारोह था, जिसमें परंपरा, मनोरंजन और पाक कौशल-निर्माण का संयोजन था। इसने छात्रों को उत्सव की बेकिंग के सांस्कृतिक और तकनीकी पहलुओं में मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी प्रदान की, जो उनकी आतिथ्य शिक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

इस अवसर पर बोलते हुए, जेआईएस ग्रुप के निदेशक सरदार सिमरप्रीत सिंह ने कहा, जीएनआईएचएम में, हम समग्र शिक्षा में विश्वास करते हैं। 'मेरी मिक्सिंग' जैसे आयोजन हमारे छात्रों को एक आकर्षक और उत्सवपूर्ण माहौल में अपने तकनीकी कौशल को निखारने के साथ-साथ परंपराओं के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।'




**आज नेताजी इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का करेगी उद्घाटन, तैयारियां अंतिम चरण पर**

## पूर्व रेलवे ने 67वीं अखिल भारतीय रेलवे बास्केटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईस्टर्न रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन (ईआरएसए) द्वारा 67वीं अखिल भारतीय रेलवे बास्केटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष) की मेजबानी की गई। यह चैंपियनशिप बेहाला के ईस्टर्न रेलवे इंडोर स्टेडियम में 26 नवंबर से 3 दिसंबर तक आयोजित किया गया। मंगलवार को इसके समापन समारोह में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने चैंपियन टीम के सदस्यों को ट्रॉफी और पदक वितरित किए। इस मौके पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सिस्टम) और पूर्व रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष सत्यकी नाथ और पूर्वी रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ) की अध्यक्ष सीमा देउस्कर भी उपस्थित रहे और उन्होंने विशिष्ट प्रदर्शन करने वाली अन्य टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। इस चैंपियनशिप में 262 खिलाड़ियों, 28 अधिकारियों, 1



पर्यवेक्षक और 5 चयनकर्ताओं के साथ पूरे भारतीय रेलवे की 20 टीमों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सिस्टम) और ईआरएसए के अध्यक्ष सत्यकी नाथ ने कहा कि बास्केटबॉल चैंपियनशिप का यह आयोजन रेलवे परिवार के अंदर प्रतिभा, टीम वर्क और खेल कौशल की अटूट भावना का उत्सव है। इस बास्केटबॉल चैंपियनशिप में उत्तर रेलवे की टीम 68 अंकों के साथ चैंपियन बनी और इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) 64 अंकों के साथ उपविजेता बनी। ईस्टर्न रेलवे वेस्टर्न रेलवे को 71:52 अंकों से हराकर दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर रेलवे के सहज प्रताप सिंह मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने।

## बेरहामपुर कोर्ट का नया लिमिटेड हाइट सबवे का निर्माण सफलतापूर्वक हुआ पूरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेरहामपुर शहर के दोनों हिस्सों के बीच कनेक्टिविटी को और बढ़ाने के लिए एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। सड़क वाहनों तथा पैदल चलने वालों के लिए क्षेत्र में आसान परिवहन लिंक स्थापित करने हेतु रोड ओवर ब्रिज के पास बेरहामपुर कोर्ट स्टेशन के पास लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) का निर्माण किया गया है। इस एलएचएस नंबर 131 का निर्माण कार्य 1 दिसंबर को पूरा हो चुका है। यह नया लिमिटेड हाइट सबवे लिंकिंग रोड्स के निर्माण के बाद चालू किया जाएगा, जिससे बेरहामपुर के निवासियों के लिए जीवन को और सरल बनाया जाएगा। इस परियोजना की प्रमुख विशेषता है कि इस एलएचएस को बेरहामपुर कोर्ट स्टेशन के सरगाछी छोर पर आरओबी के पास बनाया गया है। इस परियोजना में 13 विशाल आरसीसी बॉक्स सेगमेंट्स का इंस्टॉलेशन किया गया, जिनका वजन लगभग 25 टन था। इन सेगमेंट्स का आकार 4.8 मीटर चौड़ा, 3.8 मीटर ऊंचा और 1.53 मीटर लंबा था। इनसेगमेंट्स को एक समर्पित ब्लॉक पीरियड के दौरान सावधानीपूर्वक स्थापित किया गया। इसके अलावा, सीमित स्थान और खुदाई के दौरान अप्रत्याशित आरसीसी स्लैब्स के मिलने जैसी समस्याओं के बावजूद, परियोजना



निर्धारित समय सीमा के अंदर पूरी की गई।

**– परियोजना के लाभ –**

यह लेवल क्रॉसिंग पर होने वाली दुर्घटनाओं के जोखिम को समाप्त करता है। जिससे रेलवे यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह लेवल क्रॉसिंग गेट्स द्वारा होने वाली देरी और भीड़-भाड़ को कम करके रेलवे संचालन को सुगम बनाता है। यह माल और लोगों की निर्बाध आवाजाही को सुविधाजनक बनाता है, जो क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास में योगदान करता है। यह उपलब्धि भारतीय रेलवे के इंजीनियरों और श्रमिकों की समर्पण और विशेषज्ञता का प्रमाण है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### उत्तर प्रदेश का 76वां जिला बना महाकुम्भ जनपद, अधिसूचना जारी

**प्रयागराज :** पूरे भारत में उत्तर प्रदेश संभवतः इकलौता ऐसा प्रदेश है जहां कुम्भ और महाकुम्भ मेले के आयोजन के लिए एक अलग जनपद का सृजन होता है और वह भी केवल मेला अवधि के लिए। शासन ने प्रयागराज महाकुम्भ के लिए प्रदेश के 76वें जिले की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रयागराज के जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ ने शासन के निर्देश पर मेले के आयोजन के लिए महाकुम्भ मेला जनपद की अधिसूचना रविवार को जारी कर दी। इस जनपद में संपूर्ण परेड ग्राउंड के साथ ही कई राजस्व गांवों को शामिल किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक, नए जनपद में चार तहसील सदर, सोरांव, फूलपुर और करछना के 66 ग्राम तथा संपूर्ण परेड क्षेत्र को शामिल किया गया है। जनपद के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी मेलाधिकारी विजय किरन आनंद को दी गई है। यह जिला एक दिसंबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक अस्तित्व में रहेगा। राज्य सरकार ने महाकुम्भ की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर मेलाधिकारी के पद पर विजय किरन आनंद और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर राजेश द्विवेदी की नियुक्ति पहले ही कर दी है।

### पर्यटन विभाग को ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**आगरा (उप्र) :** आगरा में उत्तर प्रदेश (यूपी) पर्यटन के क्षेत्रीय कार्यालय को मंगलवार को एक ई-मेल भेजकर ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी-ताज सुरक्षा) सैयद अरीब अहमद ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल यूपी पर्यटन को मिला है। ई-मेल के हिसाब से हमें कुछ नहीं मिला है। बम निरोधक दस्ता, खोजी कुत्ते और अन्य टीम सुरक्षा जांच के लिए ताजमहल पहुंच गई हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और पता लगाया जाएगा कि यह ई-मेल किसने भेजी। यूपी पर्यटन की उपनिदेशक दीप्ति वत्स ने कहा, हमें मंगलवार को बम की धमकी वाला एक ई-मेल मिला जिसके बाद हमने वह ई-मेल आगरा पुलिस और एएसआई को भेज दिया।

# पशुओं के चारागाह के लिए पर्याप्त भूमि आरक्षित करें और गौ सरोवर भी बनाएं : योगी आदित्यनाथ

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यहां अधिकारियों को पशुओं के चारागाह के लिए पर्याप्त भूमि आरक्षित करने और गौ सरोवर बनाने की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अपराह्न यहां ताल नदोर में बन रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि यहां ताल नदोर में बन रहे पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय और यहां प्रस्तावित 'इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम' तथा कान्हा गोशाला को



एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में विकसित किया जाए। उनका कहना था कि सरकार की मंशा इस क्षेत्र को विकास का एक नया मॉडल बनाने की है। मुख्यमंत्री ने पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय की डिजाइन, लेआउट, मॉडल का अवलोकन कर इसके प्रमुख आयामों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि ताल नदोर में 80 से 100 एकड़ में प्रस्तावित इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और 52 एकड़ में नगर निगम की तरफ से बनाए जाने वाले कान्हा गोशाला को भी पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक दायरे में लाया जाए।

### जिन्हें भी समाज का संबल मिला, उन्होंने देश-दुनिया को अपनी प्रतिभा का लाभ दिय

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिव्यांगजनों की सराहना करते हुए कहा कि जिन्हें भी समाज का प्रोत्साहन-संबल मिला, उन्होंने देश-दुनिया एवं मानवता को अपनी प्रतिभा का लाभ दिया और यह साबित किया कि वे किसी से कम नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस पर यहां लोकभवन में राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने दिव्यांग शब्द और भावनाओं को सम्मान देकर उन्हें गरिमामय तरीके से जीवन एवं हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की।

### मथुरा के नंदगांव में घरों की दीवारों पर लिखवाया 'श्रीकृष्ण जाट थे', प्राथमिकी दर्ज

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा जिले में एक व्यक्ति द्वारा नंदगांव के बाजार एवं आम घरों की दीवारों पर "नंदगांव का इतिहास" शीर्षक से जगह-जगह भगवान श्रीकृष्ण की जाति 'जाट' लिखवा दिए जाने के बाद विरोध शुरू हो गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत की ओर से प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक भगवन श्रीकृष्ण को यदुवंशी माना जाता है, लेकिन पिछले दिनों किसी ने दीवारों पर 'नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से वक्तव्य लिखवाए और उसमें भगवान श्रीकृष्ण को 'जाट' जाति से संबंधित बताया। पुलिस के मुताबिक जगह-जगह 'नंदगांव का इतिहास' शीर्षक से लिखवाए गए वक्तव्य के अंत में कुंवर सिंह नाम और एक फोन नंबर दर्ज था।

## संभल हिंसा में मिले पाकिस्तानी फैक्टरी में बने कारतूस



**संभल (उप्र) :** संभल में जामा मस्जिद-हरिहर मंदिर सर्वेक्षण विवाद के दौरान हाल में भड़की हिंसा में पाकिस्तान निर्मित कारतूस बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। संभल के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कृष्ण कुमार विश्नोई ने त्रकारों को बताया कि 24 नवंबर की घटना के बाद एसआईटी (विशेष जांच दल) गठित की गई थी, जिनके अनुरोध पर 'फोरेंसिक टीम', 'एचएचएमडी मेटल डिटेक्टर' और नगर पालिका की टीम ने घटनास्थल पर जांच की। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस जांच में जो चौंकाने वाली बात सामने आई है, उसमें छह खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं और ये कारतूस 'पाकिस्तानी ऑर्डिनेंस (आयुध फैक्टरी)' के बने हुए हुए हैं। विश्नोई ने बताया कि इसमें एक कारतूस पर 'मेड इन यूएसए' भी लिखा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर मामला है और इसकी जांच उतनी ही गंभीरता से की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुछ सीसीटीवी तोड़ दिए गए हैं, लेकिन उनके डीवीआर भी खंगाले जा रहे हैं। संभल में अदालत के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद के पहली बार किये गये सर्वेक्षण के बाद से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। अदालत ने यह आदेश जिस याचिका पर दिया उसमें दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर था।

## बिहार: पप्पू यादव के 'सहयोगी' ने ही लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बनकर सांसद को दी धमकी, गिरफ्तार

**पूर्णिया (बिहार) :** बिहार पुलिस ने राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के एक 'पूर्व सहयोगी' को मंगलवार को गिरफ्तार किया और दावा किया कि उसने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य बताकर सांसद को धमकी दी थी। आरोपी राम बाबू यादव ने कथित तौर पर पप्पू यादव को एक वीडियो कॉल कर गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह को 'खत्म' करने की धमकी देने वाले उनके (पप्पू यादव) पोस्ट के लिए लॉरेंस बिश्नोई से माफी मांगने के लिए कहा था। राम बाबू यादव को भोजपुर जिले में उसके पैतृक स्थान से गिरफ्तार किया गया। पूर्णिया के पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि आरोपी पहले पप्पू यादव की पार्टी जन अधिकार पार्टी (जेएपी) से जुड़ा था। यादव ने अपनी पार्टी का लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में विलय कर दिया था। पप्पू यादव ने पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। शर्मा ने बताया, "पूर्णिया पुलिस ने राम बाबू यादव की 'लोकेशन' की निगरानी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि उसका किसी गिरोह से कोई संबंध नहीं है। वह पहले जेएपी से जुड़ा हुआ था।

## बिहार : सफाईकर्मी से उपमहापौर बनीं महिला सब्जी बेचने को मजबूर

**गया :** बिहार के गया में दशकों तक सड़कों पर झाड़ू लगाने के बाद जब चिंता देवी गया शहर की उपमहापौर बनीं, तो उन्हें महसूस हुआ कि 'मोक्ष की नगरी' ने आखिरकार उन्हें मुक्ति प्रदान कर दी है। लेकिन, लगभग दो साल तक पद पर रहने के बाद वह पुनः सड़कों पर सब्जियां बेच रही हैं। वह उनके साथ कथित तौर पर किए गए अनादर के विरोध में ऐसा कर रही हैं। चिंता देवी ने अपनी इस स्थिति को लेकर सवाल किया, "यदि मुझे नगर निगम में होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी नहीं दी जाती, तो मेरे उपमहापौर बनने का क्या मतलब है? " गया नगर निगम में 35 वर्षों तक सफाईकर्मी के रूप में काम करने वाली चिंता देवी अपनी सेवानिवृत्ति के दो वर्ष बाद दिसंबर 2022 में गया की उपमहापौर चुनी गईं थीं। चिंता देवी ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, "मैं गया नगर निगम प्रशासन के रवैये से बहुत परेशान हूं। निगम में होने वाली बैठकों में भी मुझे नहीं बुलाया जाता। अधिकारी मुझे शहर में निगम द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी तक नहीं देते।" उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई महीनों से उन्हें उपमहापौर का वेतन नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, "यही वजह है कि मैंने गया की सड़कों पर सब्ज़ियां बेचने का फैसला किया। बिना किसी काम के नगर निगम दफ़्तर में बैठने से बेहतर है सब्ज़ियां बेचना।"

## बिहार सरकार ने भू-संपत्ति संबंधी स्व-घोषणा प्रपत्र अपलोड करने के लिए समय सीमा बढ़ाई

**पटना :** बिहार में नीतीश कुमार सरकार ने मंगलवार को जमीन मालिकों को राहत देते हुए भू-संपत्ति से जुड़े दस्तावेज अपलोड करने की समय सीमा 180 कार्य दिवस के लिए बढ़ा दी। जमीन मालिक अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना स्व-घोषणा प्रपत्र फरवरी 2025 तक अपलोड कर सकते हैं। पहले, यह समय सीमा अगस्त 2024 थी। इस सिलसिले में यहां मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में एक निर्णय लिया गया। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव (कैबिनेट सचिवालय) एस सिद्धार्थ ने कहा, 'कैबिनेट ने राज्य में भू-संपत्ति के मालिकों से संबंधित स्व-घोषणा प्रपत्र भरने या अपलोड करने की तिथि 180 कार्य दिवस तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।' उन्होंने कहा, 'अब इसे फरवरी 2025 तक भरा जा सकेगा। पहले, इसके लिए अंतिम तिथि अगस्त 2024 थी। इस संबंध में राज्य सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने मंत्रिमंडल के समक्ष प्रस्ताव रखा था...जिसे आज मंजूरी मिल गई।' मंत्रिमंडल ने राजस्व नक्शा और भूमि से जुड़े अन्य दस्तावेज के सत्यापन के लिए 90 कार्य दिवस का समय भी दिया है। हालांकि, विभाग के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह स्व-घोषणा प्रपत्रों को दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा। अधिकारी ने बताया कि बिहार सरकार राज्य में भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करने के लिए एक विशेष भू-सर्वेक्षण कर रही है। इसे कराने के पीछे सरकार का मुख्य उद्देश्य भूमि विवाद के मुकदमों में कमी लाना है।

## न्यूज अपडेट

### केंद्र ने महाकुम्भ के लिए 2100 करोड़ रुपये का विशेष अनुदान मंजूर किया

**प्रयागराज (उप्र) :** केंद्र सरकार ने जनवरी, 2025 से शुरू हो रहे महाकुम्भ मेले के लिए 2100 करोड़ रुपये की विशेष अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है और इसमें से 1,050 करोड़ रुपये की पहली किस्त मंगलवार को जारी कर दी गई। केंद्र ने यह विशेष सहायता ऐसे समय में स्वीकृत की है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महाकुम्भ की औपचारिक शुरुआत करने 13 दिसंबर को प्रयागराज आ रहे हैं जहां वह कई बड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'एक्स' पर कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में 'डबल इंजन' की सरकार विश्व के सबसे बड़े सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक समागम प्रयागराज महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के लिए संकल्पित है। योगी आदित्यनाथ ने लिखा, इसी श्रृंखला में केंद्र द्वारा 2100 करोड़ रुपये की विशेष अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है जिसमें से आज 1,050 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, केंद्र सरकार के इस सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित महाकुम्भ को साकार रूप देने में सहायता मिलेगी। दिव्य-भव्य-डिजिटल महाकुम्भ की संकल्पना की सिद्धि में सहायक इस उपहार के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार है। महाकुम्भ मेला के सकुशल आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने केंद्र से एकमुश्त विशेष सहायता अनुदान के रूप में धनराशि स्वीकृत करने का विशेष अनुरोध किया था।

### राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस सांसदों के साथ आज करेंगे संभल का दौरा

**लखनऊ :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के कांग्रेस सांसदों के साथ बुधवार को संभल का दौरा करेंगे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस बीच, संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने पड़ोसी जिलों में तैनात पुलिस के अधिकारियों को एक पत्र लिखकर उनसे राहुल गांधी को उनके जिलों की सीमाओं पर रोकने का आग्रह किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने ज़िलाधिकारी के पत्र जारी करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है और पुलिस तंत्र का खुला दुरुपयोग है। राय ने बताया कि पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी राहुल के साथ संभल का दौरा कर सकती हैं। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश से पार्टी के सभी छह सांसद शामिल होंगे, जिसका नेतृत्व राहुल गांधी करेंगे। इनमें पार्टी महासचिव और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी होंगे।" प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि वह भी राहुल गांधी के साथ संभल जाएंगे, जो रायबरेली से सांसद हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या केरल के वायनाड से पार्टी की सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा भी अपने भाई के साथ संभल जाएंगी, राय ने कहा कि वह भी जा सकती हैं। पेंसिया ने मंगलवार को गौतम बुद्ध नगर और गाजियाबाद के पुलिस आयुक्तों तथा अमरोहा और बुलंदशहर जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र लिखकर उनसे राहुल गांधी को उनके जिलों की सीमाओं पर रोकने का आग्रह किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए 'एक्शन मोड' में आना होगा:केशव प्रसाद मौर्य



**देवरिया (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से 'एक्शन मोड' में आने और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर देने का आह्वान किया। उन्होंने मंगलवार को देवरिया जिला मुख्यालय पर स्थित जिला पंचायत सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान के साथ को कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए आज से ही 'एक्शन मोड' में आ जाना होगा। मौर्य ने समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर हमला बोलते हुए कहा कि अखिलेश यादव के पीडीए का मतलब 'परिवार डेवलपमेंट पार्टी' है। उन्होंने अपने पुराने नारे को फिर दोहराया, '100 में 60 हमारा है, बाकी में बंटवारा है।' प्रयागराज के कुंभ और प्रसिद्ध संत देवरहा बाबा का स्मरण करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि देवरहा बाबा के आशीर्वाद से 'बाबरी विध्वंस और भव्य मंदिर के निर्माण' का मार्ग प्रशस्त हो सका।

# समाज्ञा — मनोरंजन

## आओ बरसो मेघा प्यारे

भीषण गर्मी पड़ रही थी, जंगल में चारो तरफ पानी के लिए हा-हा कार मचा हुआ था, प्यासे पशु, पक्षी पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे थे। उधर भालू जंगल में सुरक्षित जगह देख कर, एक तालाबनुमा गहरा और बडा गड्ढा अपने पंजों से खोद रहा था और गुनगुना रहा था..!

आओ बरसो मेघा प्यारे,
भूमि को शीतल कर दो,
खेत खलिहान पड़े हैं सूखे,
धरती को तुम तर दो,
हाहाकार मचा पानी का,
आकर सब को तर दो।

शेर सिंह गश्त लगा रहे थे। भालू को गड्ढा खोदते देखकर जंगल के राजा शेरसिंह भालू के पास आएऔर कहा, यह क्या कर रहे हो भालू भाई? गाते -गाते क्यों जंगल की शोभा बिगाड़ने में लगे हो?

भालू हँसा - और कहा नहीं - नहीं महाराज, मैं जंगल की शोभा नहीं बिगाड़ रहा, और ना ही किसी को नुकसान पहुँचाने के लिए ,गड्ढा खोद रहा हूँ ।आप देखिए ना कितनी गर्मी पड़ रही है सारे पशु पक्षी पानी की तलाश में उधर-उधर भटक रहे हैं मैं तो बस बरसात का मौसम आने वाला है ,पानी स्टोर करने के लिए ऐसा कर रहा हूँ , कितनी गर्मी पड रही है, पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची है, सब पशु पक्षी कितने परेशान हैं ऐसा करने से पानी स्टोर होगा और, सब को पर्याप्त पानी भी मिल जाएगा ।

भालू भाई, तुमने यह कैसे जाना बरसात आने वाली है..?शेर सिंह ने कहा।

महाराज - चीटियां अपने घर बदल रही थी,आकाश में सारस झुंड बना कर उड़ते हुए नजर आ रहे थे, मोर नाच रहे थे।मैंढक टर्रा रहे हैं यह सब बारिश आने का संकेत है, मैंढको के पास



गया था ,और जानना चाहा क्या बात है मैंढक भाई, बहुत शोर कर रहे हो, और खुश भी नजर आ रहे हो? उन्होंने ही तो बारिश के आगमन की सूचना दी है।

अच्छा, फिर तो भालू भाई तुम बहुत अच्छा काम कर रहे हो,लेकिन अकेले क्यों ? बिज्जू को बुलालो।

अरे महाराज बिज्जू को फुर्सत कहाँ, वह तो कब्र खोदने में लगा रहता है।

हाँ,हाँ, राजा शेर सिंह ने भालू की पीठ पर थपथपाई और , खुश होते हुए वहाँ से चले गए ।धीरे-धीरे पक्षियों और जानवरो को भी पता चल गया कि भालू नेक काम कर रहा है, कुछ भालू की मदद के लिए आगे आए ,और उसके साथ मिलकर गड्ढा खोदने में मदद की ।उस गड्ढे की साइड पक्की की ,और नीचे तले में बालू रेत बिछा कर उस गड्ढे को पतले कपड़े से ढक दिया।

कुछ दिन बाद घमासान बारिश हुई, और कई दिनों तक चली ,अच्छी बारिश से चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आ रही थी।बरसाती घास पर बड़ी तादाद में जीव मौजूद थे।हाथी और जिराफ के बच्चे मस्ती कर रहे थे।सूअर के बच्चे भी उछल कूद लगा रहे थे।जुगनू चमकने लगे थे।बहुत सुन्दर नजारा था।बड़े सभी जानवरों को भी मस्ती छाई हुई थी।

जानवरों के लिए, यह नजारा स्वर्ग लोक से कम नहीं था।पशु, पक्षी सभी मस्ती में विचरण कर रहे थे।मैंढको की दुनियाँ में काफी शोर था।

गोरिल्ला डरा - डरा इधर-उधर भाग रहा था।खरगोश गोरिल्ला को देख हँसने लगा और कहा, तुम्हे क्या हुआ गोरिल्ला भाई ?क्यूँ भागे जा रहे हो, देखो कितना सुहाना मौसम है, आओ नाचेंगे झूमेंगे, गाऐगें मैं सब को इकट्ठा करता हूँ ।

नहीं- नही, मुझे बारिश पसंद नहीं है गोरिल्ला ने कहा। अरे भीगी धरती पर कितनी सौंधी खुशबू आ रही है,देखो काले बादल कैसे घुमड - घुमड कर रहे हैं।

उधर हाथी खुशी की वजह से चिघांड रहे थे ।बारिश की वजह से सबको पर्याप्त जल पीने को मिल रहा था, शेर सिंह दूर ही से यह देख मन्द - मन्द मुस्करा रहे थे, सोच रहे थे ,बरसात ने चारों ओर रोनक कर दी और भालू ने बहुत अच्छा काम किया।जंगल में चारो तरफ खुशहाली छाई थी।

जानवर बच्चे खुश थे।सारे जानवर बच्चों को इस..'रेनी डे' परभालू चाचा के रेस्टोरेंट में जा कर पिज्जा खाना था।

शेर सिंह ने देखा और बच्चो को अपने पास बुला कर कहा, जाओ बच्चो,आज की दावत मेरी तरफ से,लेकिन मैं फास्ट फूड के सख्त खिलाफ हूँ ,आज खा लो, इसके बाद कभी नहीं। बच्चे खुश हो गए, सब गाने लगे !

## गधे का गाना



किसी गांव में एक गधा अपने मालिक धोबी के साथ रहता था। उसका मालिक धोबी दिनभर गधे से खूब काम करवाता और रात को उसे खुला छोड़ देता जिससे वह मनभर और पेट भर के घास चरता था। गधा घास खाने के लिए रात के समय अपने मालिक के घर के आस-पास के खेतों में ही जाया करता था। लेकिन एक दिन उसकी मुलाकात एक लोमड़ी से हुई। लोमड़ी भी खाने की तलाश में इधर-उधर घूमते घूमते गधे के पास आ पहुंचा था। गधे और लोमड़ी दोनों की बातें हुई और इस प्रकार दोनों बहुत ही अच्छे दोस्त बन गए।

गधा लोमड़ी के साथ पूरी रात घास चरता था और भोर होते ही अपने धोबी मालिक के पास वापस आ जाता था। एक दिन रात को लोमड़ी ने गधे से कहा गधा मामा यहां पास के ही खेत में ढेर सारे फल लगे हैं यदि आप वहां पर जाकर वह सारे फलों का आनंद लेते हैं तो वह किसी नाइट डिनर से कम नहीं होगा।

गधा लोमड़ी की बातें मान लेता है और कहता है ठीक है भांजे चलो हम दोनों चलते हैं आज उसी खेत में। गधा लोमड़ी दोनों उस खेत में जाते हैं गधा खूब खाता है रसीले फल फूल खाकर गधा एकदम फुल जाता है और लोमड़ी से कहता है भांजे आज की रात इतनी सुहावनी है पूर्णिमा की रात है ऐसे में मुझे गाना गाने का मन कर रहा है।

लोमड़ी गधे की बात सुनकर उसे गाना गाने से मना करता है और कहता है मामा यदि आप इतनी रात को इस खेत में गाना गाएंगे तो खेत का मालिक किसान यहां आ जाएगा और हमें पकड़ लेगा। लेकिन गधा तो अपनी अहंकार में डूबा था और उसे गाना गाने का धुन सवार था। गधा लोमड़ी से बोलता है अरे तू क्या जाने का तू जंगली जानवर के गाना क्या होता है संगीत क्या होता है।

लोमड़ी गधे की इस बात को सुनकर वह समझ जाता है कि गधा बिना गाना गाए नहीं रहेगा तो उसने गधे से कहा मामा कोई बात नहीं आप गाना गाओ लेकिन मैं थोड़ी दूर जाकर उस झाड़ी में छुपकर किसानों के आने की खबर आपको दूंगा और गधा इस प्रकार मान जाता है।

जब गधा गाना गाना शुरू करता है तो उसकी आवाज सुनकर सभी किसानों की नींद खुल जाती है और वह अपनी लाठी लेकर गधे के पास आ पहुंचते और उसकी खूब मरम्मत करते हैं। अब गधा गाना गाना भूल गया और गिरते पड़ते खेत से बाहर आने लगा।

लोमड़ी ने उसका मजाक उड़ाते हुए बोला, क्या हुआ मामा मैंने आपसे पहले ही बोला था कि इतनी रात को गाना मत गाओ वरना किसान आ जाएंगे और यह क्या वह आए ही नहीं, वह तो आपको खूब सारा पुरस्कार भी देकर गए। ऐसा कह कर वह खूब हंसने लगा।

**कहानी से सीख: अभी जो कुछ भी करते हैं उसका एक सही समय और एक उचित स्थान होता है और यदि इसके विपरीत यदि कोई कार्य किया जाता है तो उसका परिणाम बहुत बुरा होता है।**

## व्यापारी के चौकीदार

एक बहुत ही बड़ा और धनवान व्यापारी था उसके पास आम का बहुत बड़ा बगीचा था और उस बगीचे की देखभाल के लिए वह एक चौकीदार को हमेशा वहां तैनात करके रखा था। लेकिन कोई भी चौकीदार इमानदार ना होने के कारण वह समय-समय पर उन्हें बदल दिया करता था।

एक दिन उसने चौकीदारों को बदलने के अलावा एक दूसरा रास्ता ढूंढा। व्यापारी ने इस बार दो चौकीदारों को बगीचे की रखवाली करने के लिए रखा जिसमें से एक चौकीदार अंधा था और दूसरा चौकीदार लंगड़ा। व्यापारी को भरोसा था कि अंधे को तो कुछ दिखेगा नहीं और लंगड़ा चौकीदार चाह कर भी आम की चोरी कर नहीं पाएगा और इस प्रकार वे दोनों एक साथ मिलकर बगीचे की खूब देखभाल करते हैं।

व्यापारी दोनों चौकीदारों से बहुत खुश था क्योंकि अब उसकी चतुराई के कारण आम के बगीचे की रखवाली बहुत अच्छे ढंग से हो रही थी। लेकिन एक दिन दोनों के मुंह में पानी आ गया और उन्होंने आम खाने की योजना बनाई।

लंगड़ा चौकीदार, अंधे चौकीदार को अपनी सारी योजनाएं बताता है और उसे आम खाने के लिए प्रेरित करता है। अंधा चौकीदार लंगड़े चौकीदार की बात मान जाता है क्योंकि उसे भी कई दिनों से आम खाने का मन कर रहा था अंधा होने के कारण वह आम नहीं खा पाता।

अंधा चौकीदार को लगड़ा चौकीदार बोलता है कि तुम मुझे अपने कंधे पर उठा लो और मैं तुम्हें रास्ता दिखाऊंगा और फिर हम दोनों मिलकर आम तोड़ लेंगे और फिर खूब मजे से खाएंगे। अंधा चौकीदार भी ऐसा ही करता है और वह लंगड़े चौकीदार को अपने कंधे पर बिठा लेता है और उसके कहे अनुसार दोनों मिलकर खूब ढेर सारा सारा आम तोड़ लेते हैं और पूरी रात बैठकर खूब मजे से खाते हैं और दूसरे दिन के लिए भी बचा लेते हैं।

**कहानी से सीख: बच्चे इस कहानी से हमने सीखा की आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है।**

## गीत-परी

बहुत पुरानी बात है। एक थी गीत-परी। उसे बहुत-बहुत-बहुत सारे गीत आते थे। उसके गीत बहुत मीठे और सुरीले होते थे।

एक रात उसने सभी पक्षियों को नदी के किनारे बुलाया। उसने पक्षियों से कहा, 'रात को ठीक बारह बजे आप सभी मेरे पास आ जाइए। मैं आपको सुबह होने तक बहुत से गीत सुनाऊँगी।'

ज़्यादातर पक्षियों ने सोचा कि कौन सारी रात जगकर गीत-परी के गीत सुनेगा। इसलिए वे अपने-अपने घोंसलों में सो गए। लेकिन मैना को संगीत बहुत अच्छा लगता था। वह ठीक बारह बजे वहाँ पहुँच गई। कोयल भी वहाँ आई। मैना और कोयल के आते ही गीत-परी ने गाना शुरू किया। मैना ने सारी रात जागकर, बड़े ध्यान से उसके एक-एक गीत को सुना। लेकिन कोयल बहुत थकी हुई थी, उसने बस एक ही गीत सुना और वहीं सो गई।

सुबह होने वाली थी, तभी कौए की नींद खुली। उसने सोचा कि गीत-परी नाराज़ न हो जाए। इसलिए एक बार का वहाँ हो आया जाए। लेकिन जब तक वह वहाँ पहुँचा गीत-परी के गीत ख़त्म हो चुके थे। वहाँ नदी के किनारे मेढक टर्र-टर्र कर रहे थे। कौए ने सोचा कि शायद यही गीत परी का गीत है। उसने वह गीत याद कर लिया और उसी तरह बोलने की कोशिश करने लगा।

यही कारण है कि मैना सभी पक्षियों में सबसे मीठा गाती है। कोयल की आवाज़ भी मीठी है, लेकिन उसे बस एक ही तरह बोलना आता है-कू ऽ ऽ ऽ कू ऽ ऽ और कौआ? उसकी आवाज़ कैसी कर्कश है ये तो हम सभी जानते हैं। मेढक की तरह टर्राने की कोशिश करने में उसकी काँव-काँव भी बेसुरी लगती है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अभिनेत्री नरगिस फाखरी की बहन पर प्रेमी और एक अन्य महिला की हत्या का आरोप

**न्यूयॉर्क :** अभिनेत्री नरगिस फाखरी की बहन पर एक इमारत में आग लगाकर पुरुष मित्र और एक अन्य महिला की हत्या करने का आरोप लगाया गया है और यदि वह दोषी पाई जाती हैं तो उन्हें अधिकतम आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। आलिया फाखरी (43) पर उनके पुरुष मित्र एडवर्ड जैकब्स (35) और अनास्तासिया एटियेन (33) की हत्या का आरोप लगाया गया है। क्वींस डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी मेलिंडा काट्ज ने कहा कि फाखरी ने जमैका, क्वींस में एक घर के गैराज में जानबूझकर घातक आग लगा दी, जिससे दोनों अंदर फंस गए और बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं था। काट्ज ने कहा कि फाखरी ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से आग लगाकर दो लोगों की जान ले ली, जिससे एक पुरुष और एक महिला आग की लपटों में फंस गए। पीड़ितों की मौत धुएं के कारण और झुलसने से हुई।

### मालेगांव विस्फोट : मुंबई की अदालत ने आरोपी प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ जमानती वारंट को स्थगित किया

**मुंबई :** मुंबई की एक विशेष एनआईए अदालत ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आर-ोपी भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर के खिलाफ जारी जमानती वारंट को स्थगित कर दिया, क्योंकि वह उत्तर प्रदेश के एक अस्पताल में उपचाराधीन हैं। ठाकुर के खिलाफ नवीनतम वारंट 13 नवंबर को जारी किया गया था। इसे दो दिसंबर तक वापस किया जाना था, जिसका अर्थ है कि भोपाल से पूर्व लोकसभा सदस्य ठाकुर को वारंट रद्द कराने के लिए उक्त तिथि को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) मामलों की अदालत के समक्ष उपस्थित रहना था। हालांकि, वह सोमवार (दो दिसंबर) को अदालत में पेश नहीं हुईं। अभियोजन पक्ष ने मध्य प्रदेश की मूल निवासी 54 वर्षीय ठाकुर के खिलाफ जारी जमानती वारंट पर रिपोर्ट दाखिल की।

### मणिपुर के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट प्रतिबंध पांच दिसंबर तक बढ़ाया गया

**इंफाल :** मणिपुर सरकार ने मंगलवार को राज्य के नौ जिलों में मोबाइल इंटरनेट पर रोक को दो दिनों के लिए बढ़ाकर पांच दिसंबर तक कर दिया। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, काकचिंग, बिष्णुपुर, थौबल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, फेरजावल और जिरीबाम जिलों में पांच दिसंबर की शाम 5:15 बजे तक इंटरनेट पर प्रतिबंध रहेगा। इसमें कहा गया है, ''राज्य सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति और इंटरनेट सेवाओं के सामान्य संचालन के साथ इसके संबंध की समीक्षा करने के बाद वीसैट और वीपीएन सेवाओं सहित मोबाइल इंटरनेट तथा मोबाइल डेटा सेवाओं पर रोक जारी रखने का फैसला किया है।''

### महिला से मराठी के बजाय मारवाड़ी में बात करने को कहने वाले दुकानदार को मनसे कार्यकर्ताओं ने पीटा

**मुंबई :** महाराष्ट्र के दक्षिण मुंबई के गिरगांव में एक दुकानदार द्वारा महिला को कथित तौर पर मराठी भाषा के बजाय मारवाड़ी में बात करने के लिए कहे जाने के एक दिन बाद मंगलवार को मनसे कार्यकर्ताओं ने उसे (दुकानदार को) थप्पड़ जड़े। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दुकानदार ने सत्ता में भाजपा के आ जाने का हवाला देते हुए महिला से मारवाड़ी में बात करने के लिए कहा था। उसने बताया कि महिला गिरगांव के खेतवाड़ी में सोमवार शाम को दुकान पर गई थी, लेकिन दुकानदार ने महिला से कहा कि वह उससे मराठी में नहीं मारवाड़ी भाषा में बात करे। पुलिस ने बताया कि इस घटना के संबंध में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में यह देखा जा सकता है कि राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं द्वार थप्पड़ जड़े जाने के बाद दुकानदार महिला से माफी मांग रहा है।

# नए आपराधिक कानूनों पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा तीन नये आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया

## 'तारीख पे तारीख' के दिन खत्म हुए

**चंडीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि नये आपराधिक कानूनों के तहत त्वरित न्याय संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों के लिए 'तारीख पे तारीख' या लंबे समय तक चलने वाले मुकदमे के दिन अब खत्म हो गए हैं। मोदी ने मंगलवार को यहां तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया। उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी थे। मोदी ने कहा कि न्याय संहिता समानता, सद्भाव और सामाजिक न्याय के आदर्शों से बुनी गई है। समय पर न्याय मिलने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 'तारीख पे तारीख' के दिन अब खत्म हो चुके हैं। 'तारीख पे तारीख' फिल्म 'दामिनी' में अभिनेता सनी देओल का एक लोकप्रिय संवाद है, जिसमें वह अदालतों में बार-बार स्थगन की संस्कृति पर अफसोस जताते हैं। अपने भाषण में मोदी ने हमारे दृष्टिकोण को व्यापक बनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया ताकि कानून नागरिक सशक्तीकरण का माध्यम बन सके। उन्होंने कहा कि ऐसे कई कानून हैं जिन पर चर्चा और विचार-विमर्श का अभाव है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि अनुच्छेद 370 और तीन तलाक को हटाने पर काफी चर्चा हुई। मोदी ने कहा कि इन दिनों वक्फ बोर्ड से जुड़े कानून पर बहस चल रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नागरिकों की गरिमा और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए बनाए गए कानूनों को भी समान महत्व दिए जाने की जरूरत है। इस बीच, मोदी ने कहा कि न्याय की कसौटी समय पर न्याय प्रदान करना है। उन्होंने नये कानूनों के तहत समय पर न्याय सुनिश्चित करने की ओर इशारा करते हुए कहा, हम सुनते आ रहे हैं कि न्याय में देरी होती है, न्याय नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि किसी विशेष मामले में प्रत्येक कदम के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। मोदी ने चंडीगढ़ में वाहन चोरी के एक मामले में एक आरोपी को महज दो महीने में सजा मिलने का उदाहरण दिया। दिल्ली के एक मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिकी दर्ज होने के 60 दिन बाद ही एक आरोपी को 20 साल की सजा हो गयी।



# बांग्लादेश में हिंदू संत की रिहाई की मांग को लेकर त्रिपुरा में रैली निकाली गई

**अगरतला :** त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में 'सनातनी युवा' संगठन के नेतृत्व में हजारों लोग मंगलवार को एकत्र हुए और उन्होंने बांग्लादेश में हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास को तत्काल रिहा करने की मांग को लेकर रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध जताया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को 'बांग्लादेश मार्च' की अनुमति नहीं दी थी, इसलिए उन्हें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अखौरा एकीकृत जांच चौकी (आईसीपी) की ओर जाने नहीं दिया गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान आध्यात्मिक नेता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के ''अत्यधिक दमन'' पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा, ''बांग्लादेश में पूरी तरह अशांति व्याप्त है और अल्पसंख्यकों को अपने ही देश में अत्यधिक दमन का सामना करना पड़ रहा है। नयी सरकार के सत्ता में आने के बाद से अब तक कुल 17,000 संपत्तियों पर हमला किया गया है। बांग्लादेश में जो कुछ हो रहा है, उससे पूरी दुनिया चिंतित है। हम अल्पसंख्यकों के लिए आवाज उठाने वाले चिन्मय प्रभु की तत्काल रिहाई की मांग करते हैं।'' प्रतिमा भौमिक ने लोगों से बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ खड़े होने का आग्रह किया और यह मांग की कि बांग्लादेश का प्रशासन अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को रोके और उन्हें उचित सुरक्षा प्रदान करे।



# सीबीएसई नौवीं-10वीं कक्षाओं के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान के दो स्तर रखने पर विचार कर रहा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) नौवीं और 10वीं कक्षाओं के छात्रों के लिए विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के दो स्तर रखने पर विचार कर रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड ने पहले से ही कक्षा 10 के छात्रों के लिए गणित के दो स्तर का प्रावधान कर रखा है। इसकी पाठ्यक्रम समिति ने इस विचार को मंजूरी दे दी है, जो नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप है। हालांकि, बोर्ड के शासी निकाय ने अभी तक अपनी मंजूरी नहीं दी है। एनईपी के अनुसार, इन विषयों के मूल्यांकन दो स्तर पर किये जा सकते हैं, जिसमें कुछ छात्र 'स्टैंडर्ड' स्तर पर और अन्य 'एडवांस' स्तर पर विषयों का अध्ययन करेंगे। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''प्रस्ताव को पाठ्यक्रम समिति ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसकी रुपरेखा पर काम किया जाना बाकी है। वर्तमान में, हमने 10वीं कक्षा में दो स्तरों पर केवल एक विषय के अध्ययन की अनुमति दे रखी है। गणित (स्टैंडर्ड) और गणित (बेसिक) के लिए पाठ्यक्रम समान है, जबकि बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र और प्रश्नों की कठिनाई का स्तर अलग-अलग होता है।'' अधिकारी ने कहा, ''कक्षा 9 और 10 के लिए दो स्तरों पर विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की पेशकश करने का उद्देश्य इन विषयों में रुचि रखने वाले छात्रों को कक्षा 11 में इन्हें रखने से पहले 'एडवांस' स्तर पर इनका अध्ययन करना है।''

# तेल क्षेत्र (नियमन एवं विकास) संशोधन विधेयक को राज्यसभा ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** तेल और गैस की खोज और उत्पादन को नियंत्रित करने वाले मौजूदा कानून में संशोधन और इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए पेट्रोलियम संचालन को खनन कार्यों से अलग करने के प्रावधान वाले तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक को मंगलवार को राज्यसभा की मंजूरी मिल गई। इस साल अगस्त में राज्यसभा में पेश किए गए तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि तेल और गैस क्षेत्र में उच्च निवेश और लंबी अवधि की आवश्यकता होती है। पुरी ने कहा, हमें तेल और गैस क्षेत्र में पूर्ण आत्मनिर्भरता के लिए 20 और साल चाहिए। हमें न केवल अपने स्वयं के ऑपरेटर बल्कि विदेशी निवेशकों को भी विश्वास दिलाने के लिए इस कानून की जरूरत है ताकि वे सभी को लाभ पहुंचाने के लिए यहां आ सकें और व्यापार कर सकें। उन्होंने कहा कि संशोधन विधेयक में नीति स्थिरता, विवाद समाधान और बुनियादी ढांचे को साझा करना, विशेष रूप से छोटी इकाइयों के लिए नए प्रावधान हैं। उन्होंने सदस्यों द्वारा उठाए गए हीलियम के मुद्दे को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि खनिज तेल प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले हाइड्रोकार्बन हैं और इस प्रकार हीलियम हाइड्रोकार्बन नहीं है। कई विपक्षी सदस्यों ने यह भी सुझाव दिया कि विधेयक को आगे की जांच के लिए स्थायी समिति को भेजा जाना चाहिए। पुरी ने आगे कहा ''हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि निवेशकों को 2006 से 2014 के बीच की सुस्त अवधि के विपरीत यहां आने के लिए अधिक विश्वास हो। एक पट्टा, एक लाइसेंस होगा। यदि कोई विवाद है तो विवाद प्रबंधन के लिए पूर्वानुमान और स्थिरता होगी।

## न्यूज अपडेट

### सभी सरकारी विभागों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन सुनिश्चित किया जाए: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 का देशव्यापी अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी सरकारी विभागों एवं उपक्रमों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कई निर्देश जारी करते हुए कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाना चाहिए। इसलिए शीर्ष अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर, 2024 तक प्रत्येक जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने का निर्देश दिया, जो 31 जनवरी, 2025 तक एक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री से मिलीं एकता कपूर, राज्य में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को कर मुक्त करने के लिए जताया आभार

**भुवनेश्वर :** फिल्म निर्माता एकता कपूर ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मंगलवार को मुलाकात की और राज्य में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को कर मुक्त करने के लिए उनके प्रति आभार जताया। एकता कपूर ने ओडिशा विधानसभा में माझी के चैम्बर में उनसे मुलाकात की। कपूर ने कहा, ''मैंने ओडिशा में फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को कर मुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने मुझे बताया कि उनके सभी मंत्रियों ने फिल्म देखी है। इसके अलावा, हमने ओडिशा और भुवनेश्वर के बारे में भी बात की।'' फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' में विक्रांत मैसी, राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा ने मुख्य भूमिका निभाई है। धीरज सरना ने फिल्म का निर्देशन किया है। वहीं, शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुई थी और इसने अब तक 36.64 करोड़ रुपये की कमाई की है। ओडिशा भाजपा शासित सातवां राज्य हैं, जहां फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' को कर मुक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और गुजरात में भी फिल्म को कर मुक्त किया गया है।

### केजरीवाल के ममता की राह पकड़ने पर शिवसेना(उबाठा) ने कहा,कांग्रेस विपक्षी एकता के लिए कदम उठाए

**मुंबई :** शिवसेना (उबाठा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के अपने बूते चुनाव लड़ने की घोषणा करने और पश्चिम बंगाल में कांग्रेस से तृणमूल कांग्रेस के दूरी बनाये रखने के मद्देनजर विपक्षी एकजुटता के लिए मंगलवार को देश की सबसे पुरानी पार्टी से कदम उठाने के लिए कहा। उद्धव ठाकरे नीत पार्टी ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में इस बात पर जोर दिया कि आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल को 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा बने रहने के लिए मनाने की जरूरत है। संपादकीय में कहा गया, ''पश्चिम बंगाल में (तृणमूल कांग्रेस प्रमुख) ममता बनर्जी कांग्रेस से दूरी रखकर राजनीति करने की कोशिश कर रही हैं। अब केजरीवाल भी उसी राह पर जा रहे हैं। इस संबंध में कांग्रेस को आत्मनिरीक्षण करने और (विपक्ष की) एकजुटता के लिए कदम उठाने की जरूरत है।'' रविवार को, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपनी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावना से इनकार कर दिया।

### गगनगिर हमले में संलिप्त लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी को श्रीनगर में मार गिराया गया

**श्रीनगर/जम्मू :** जम्मू कश्मीर के गगनगिर में इस साल 20 अक्टूबर को सुरंग निर्माण स्थल पर हुए हमले के कथित तौर पर सूत्रधार रहे लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को सुरक्षा बलों ने यहां दाचीगाम वन क्षेत्र में मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मार गिराये गए आतंकवादी की पहचान लश्कर-ए-तैयबा के जुनैद अहमद भट के रूप में हुई है। वह पिछले साल दक्षिण कश्मीर में प्रवासियों पर गोलीबारी सहित अन्य अपराधों में भी शामिल था। गगनगिर में एक सुरंग निर्माण स्थल के पास 20 अक्टूबर को हुए आतंकी हमले में एक स्थानीय चिकित्सक और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। गगनगिर पर्यटन स्थल सोनमर्ग के नजदीक है। हमले के बाद भट को शीर्ष श्रेणी के आतंकवादी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने सोमवार रात दाचीगाम के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया।

# दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने वाली 33 संस्थाएं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित

**नयी दिल्ली :** देश में समावेशी विकास को बढ़ावा देने से लेकर शहरी वातावरण में बदलाव लाने तक के लिए मंगलवार को 33 व्यक्तियों, संस्थाओं और संगठनों को दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए लोगों में समावेशिता और बाधाओं को तोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले भी शामिल हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार तीन दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार 2024 प्रदान किए। पुरस्कार प्राप्त करने वालों में शिक्षा, खेल, कला और सामाजिक उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले शामिल हैं। इयथा मल्लिकार्जुन को दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अवसर पैदा करने में उनके यो-गदान के लिए सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन के रूप में मान्यता दी गई। मल्लिकार्जुन 88 प्रतिशत गतिहीनता के साथ जी रहे हैं, उन्होंने समावेशी दिव्यांगजन उद्यमी संघ (आईडीईए) की स्थापना की और 1,060 से अधिक दिव्यांग उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के अलावा 2,500 से अधिक लोगों को रोजगार भी उपलब्ध कराया।



# गुजरात में 4 साल में जीएसटी चोरी के 12,803 मामले दर्ज, 101 लोग गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को बताया कि गुजरात में पिछले चार वित्तीय वर्षों के दौरान केंद्रीय कर अधिकारियों ने जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) चोरी के 12,803 मामले दर्ज किए हैं और 101 लोगों को गिरफ्तार किया है। सीतारमण ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया ''गुजरात राज्य में, वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 (31.10.2024 तक) के दौरान, केंद्रीय कर संरचनाओं द्वारा दर्ज जीएसटी चोरी के मामलों की संख्या 12,803 है।''उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में, भारतीय दंड संहिता (अब भारतीय न्याय संहिता, 2023) के तहत तीन प्राथमिकी दर्ज की गईं जिनमें आठ लोगों के नाम हैं। उन्होंने बताया कि जीएसटी चोरी के मामलों में, सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के प्रावधानों के तहत 101 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्यसभा में एक अलग प्रश्न के उत्तर में, वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों में जीएसटी संग्रह का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि 2023-24 में सकल जीएसटी संग्रह 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा तथा 2.08 लाख करोड़ रुपये का रिफंड जारी किया गया। 2022-23 में सकल जीएसटी राजस्व 18.08 लाख करोड़ रुपये था और जारी किए गए रिफंड 2.20 लाख करोड़ रुपये के थे।

# नये आपराधिक कानूनों से दोषसिद्धि की दर बढ़ेगी : अमित शाह

**चंडीगढ़ :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नये आपराधिक कानूनों के लागू होने से दोषसिद्धि की दर बढ़ेगी, जिससे अपराध में कमी आएगी। शाह ने कहा कि नये आपराधिक कानूनों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उनकी आत्मा भारतीय है और उनका उद्देश्य न्याय प्रदान करना है। शाह एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे, जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन नये आपराधिक कानूनों के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित किया। नये कानून -- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम -- 1 जुलाई को लागू हुए, जिन्होंने क्रमशः ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह ली है। चंडीगढ़, तीनों कानूनों का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन करने वाला देश का पहला प्रशासनिक इकाई बन गया है। शाह ने कहा कि नये कानूनों के लागू होने के बाद कम समय में न्याय सुनिश्चित होगा, दोषसिद्धि की दर अधिक होगी और इसके कारण अपराध दर में कमी आएगी। शाह ने कहा कि नये कानूनों के लागू होने के 4 माह के अंदर अब तक लगभग 11 लाख से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज हुई हैं और इनमें से 9500 मामलों में फैसला भी आ गया है।



# बारिश से तमिलनाडु के कई जिले जलमग्न, सड़क संपर्क टूटा

**चेन्नई :** तमिलनाडु में मूसलाधार बारिश से प्रभावित कई जिले बाढ़ की समस्या, बुरी तरह क्षतिग्रस्त सड़कों और आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहे हैं। विल्लुपुरम जिले के अरासुर जैसे कुछ क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहे लोगों ने आवश्यक सामग्री की मांग को लेकर अचानक आंदोलन शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन से बात कर राज्य के कुछ हिस्सों में बाढ़ की स्थिति की जानकारी ली और उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। तमिलनाडु सरकार के अनुमान के अनुसार, चक्रवात 'फेंगल' से 14 जिलों में भीषण तबाही मची है। सड़कों, बिजली की लाइन को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है और चक्रवात के कारण भारी बाढ़ की स्थिति पैदा हुई है। अचानक आई बाढ़ से न केवल विशाल क्षेत्र जलमग्न हो गए, बल्कि इससे आबादी भी विस्थापित हुई और बुनियादी ढांचे को भी गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा। राज्य सरकार ने कहा कि इस ''विनाशकारी घटना'' के कारण 12 लोगों की जान चली गई, 2,416 झोपड़ियां, 721 मकान नष्ट हो गए तथा 963 मवेशी मारे गए। कृषि और बागव-ानी फसलों तथा सिंचाई प्रणालियों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है।



# हिंदी सीखने पर मेरा मजाक उड़ाया गया: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को लोकसभा में कहा कि बचपन में तमिलनाडु में हिंदी सीखने पर उनका मजाक उड़ाया गया। उन्होंने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिल समेत सभी स्थानीय भाषाओं का सम्मान बढ़ाया है। लोकसभा में बैंककारी विधियां (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण समाजवादी पार्टी के सदस्य राजीव रॉय द्वारा उन्हें लिखे गए एक पत्र का उल्लेख करते हुए हिंदी में कुछ कह रही थीं। सीतारमण ने हिंदी के एक शब्द पर अटकने पर कहा, ''मेरी हिंदी भाषा इतनी अच्छी नहीं है। मैं बोलचाल की भाषा में महज कुछ 10 शब्द बोल लेती हूं। हिंदी की इतनी शब्दावली जरूर समझती हूं कि क्या अपशब्द है और क्या नहीं।'' मूल रूप से तमिलनाडु से संबंध रखने वाली सीतारमण ने कहा, ''मैं एक ऐसे राज्य से आती हूं, जहां हिंदी पढ़ना गुनाह है, इसलिए मुझे बचपन से हिंदी पढ़ने से रोका गया।'' जब तमिलनाडु के कुछ द्रमुक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) सदस्यों ने सीतारमण की टिप्पणी का विरोध किया तो उन्होंने कहा, ''जब मैं कहती हूं कि (तमिलनाडु में) माहौल हिंदी सीखने के अनुकूल नहीं था तो यह मैं तमिलनाडु में अपने निजी अनुभव से कहती हूं। मेरा अपना अनुभव है कि स्कूल से अलग जब मैंने हिंदी सीखी तो सड़कों पर मेरा मजाक उड़ाया गया। यह मेरा अपना अनुभव है।'' उन्होंने द्रमुक सांसदों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, ''वे हिंदी को थोपने के खिलाफ हैं, मैं उसका समर्थन करती हूं। किसी पर कुछ भी नहीं थोपा जाना चाहिए।'' सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की बात करते हैं और सभी राज्यों को उनकी भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, ''इसलिए मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसी उच्च शिक्षा भी स्थानीय भाषाओं में दी जानी चाहिए। इसलिए मुझे कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि आज तमिलनाडु में भी मेडिकल शिक्षा तमिल में प्राप्त की जा सकती है।''



## देश की बैंकिंग प्रणाली मजबूत, बैंकों के राष्ट्रीयकरण का उद्देश्य आज पूरा हो रहा है

भारत की बैंकिंग प्रणाली की स्थिति को मजबूत और स्थिर बताते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि आज देश में सभी व्यावसायिक बैंक पेशेवर तरीके से संचालित हो रहे हैं और दशकों पहले बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया जाने का लाभ आज अधिक मिलता दिखाई दे रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद से बैंकिंग क्षेत्र में सतर्कता से आगे बढ़ा जा रहा है और इसे मजबूत करने के अनेक प्रयास आज फलदायक साबित हो रहे हैं।

# राष्ट्रपति ओडिशा पहुंचीं, भुवनेश्वर में पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा का किया अनावरण

**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को ओडिशा पहुंचीं और यहां संथाली भाषा के लेखक एवं शिक्षक पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा का अनावरण किया। मुर्मू ने भुवनेश्वर में संथालों के पवित्र स्थल 'आदिम ओवार जरपा जाहेर' का भी दौरा किया और पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के एक विशेष विमान से भुवनेश्वर स्थित बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (बीपीआईए) पहुंचीं, जहां गर्मजोशी से उनका स्वागत किया गया। वह ओडिशा की अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। शहर में हवाई अड्डे से नीलाद्रि विहार इलाके तक सड़कों के दोनों ओर खड़े लोगों ने 'माटी की बेटी' का स्वागत किया। मुर्मू यहां राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगी। अपने ओडिशा दौरे के दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों के लिए खुर्दा, पुरी और मयूरभंज जिलों का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति के आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम के अनुसार, वह बुधवार सुबह नौ बजे पुरी के लिए रवाना होंगी और जगन्नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। बयान में कहा गया कि वह पुरी में गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी। मुर्मू दोपहर में पुरी स्थित राजभवन में भोजन करेंगी और फिर ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह में शामिल होंगी। वह बृहस्पतिवार सुबह पुरी से भुवनेश्वर लौटेंगी और सुबह करीब 11 बजे ओडिशा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी) के 40वें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। इसके बाद वह शाम करीब पांच बजे भुवनेश्वर स्थित एक न्यायिक परिसर का उद्घाटन करेंगी और शाम करीब साढ़े छह बजे राजभवन लौट आएंगी। राष्ट्रपति भवन के मुताबिक, छह दिसंबर को मुर्मू अपने जन्म स्थान उपरबेड़ा गांव में छात्रों और निवासियों के साथ संवाद करेंगी।



## विश्व शतरंज चैंपियनशिप: गुकेश और लिरेन ने एक और बाजी ड्रॉ खेली



**सिंगापुर :** विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर भारत के डी गुकेश ने मंगलवार को यहां बेहतर स्थिति में होने के बावजूद विश्व शतरंज चैंपियनशिप की सातवीं बाजी में गत चैंपियन चीन के डिंग लिरेन से लगातार चौथा ड्रॉ खेला। पांच घंटे और 22 मिनट चली इस बाजी के बाद दोनों खिलाड़ियों के समान 3.5 अंक हैं और अब भी चैंपियनशिप जीतने से चार अंक दूर हैं। जो खिलाड़ी 14 बाजी के मुकाबले में पहले 7.5 अंक जुटा लेगा वह चैंपियन बनेगा। दोनों खिलाड़ी 72 चाल के बाद बाजी को ड्रॉ कराने को राजी हो गए। यह इस मुकाबले का पांचवां ड्रॉ है। लिरेन के लिए मंगलवार का दिन मुश्किल साबित हुआ और गुकेश के गलती करने से पहले तक उन पर हार का खतरा मंडरा रहा था। सफेद मोहरों से खेल रहा भारतीय खिलाड़ी काफी मजबूत स्थिति में था लेकिन उन्होंने इसके बाद गलत अनुमान लगाया और चीन के खिलाड़ी को मैच की अब तक की सबसे लंबी बाजी में वापसी करके इसे ड्रॉ कराने का मौका दिया। गुकेश ने एक बार फिर मुकाबले में अच्छी शुरुआत की और जल्द ही लिरेन को दबाव में ला दिया। बीच के खेल में दोनों खिलाड़ियों की ओर से गलतियां देखने को मिलीं और ऐसा लग रहा था कि लिरेन बराबरी हासिल कर लेंगे। हालांकि इस दौरान एक बार फिर लिरेन ने अधिकांश समय गंवा दिया क्योंकि खिलाड़ियों को बिना किसी वृद्धि के दो घंटे में शुरुआती 40 चाल चलनी होती हैं। पिछली कई बार की तरह लिरेन ने 40वीं चाल में फिर गलती की और अपना प्यादा गंवा दिया। गुकेश भी 45वीं चाल में गलती कर गए और लिरेन को वापसी का मौका मिला। गुकेश पहले 'टाइम कंट्रोल' के बाद अच्छी अच्छी स्थिति में थे लेकिन इसके बाद सभी प्यादे गंवाने के बाद उन्हें अंक बांटने पड़े क्योंकि उनके पास केवल एक बिशप (ऊंट) रह गया था। चीन के 32 साल के लिरेन ने पहला गेम जीता था जबकि 18 साल के गुकेश ने तीसरा गेम अपने नाम किया था। दोनों खिलाड़ियों के बीच दूसरी, चौथी, पांचवीं और छठी बाजी भी ड्रॉ रही।

### अगले साल महिलाओं के पहले दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नयी दिल्ली :** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया। महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष जीके महनतेश ने पीटीआई से कहा, 'टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।' यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा, 'पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी।'

# पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी: भारत ने मलेशिया को 3-1 से हराया, पाकिस्तान से होगी खिताबी भिड़ंत



**मस्कट :** गत चैंपियन भारत ने पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को यहां सेमीफाइनल में मलेशिया को 3–1 से हराकर महाद्वीपीय टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में अब तक अजेय भारत ने दिलराज सिंह (10वें मिनट), रोहित (45वें मिनट) और शारदा नंद तिवारी (52वें मिनट) के गोल की मदद से फाइनल में जगह पक्की की। मलेशिया के लिए एकमात्र गोल अजीमुद्दीन कमरुद्दीन ने 57वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक पर किया। भारत बुधवार को फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में जापान को 4–2 से हराया। भारत ने भले ही पहले क्वार्टर में ही बढ़त बना ली हो लेकिन गत चैंपियन टीम ने कई मौके गंवाए। मलेशिया ने शुरूआत में आक्रामक रुख अपनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर सहित कई मौके बनाए लेकिन गोल करने में सफलता नहीं मिली। भारत ने 10वें मिनट में दिलराज के जरिए बढ़त हासिल की जिन्होंने अराइजीत सिंह हुंडल से मिले मुश्किल पास पर गोल दागा।भारतीय टीम ने दूसरे क्वार्टर में सकारात्मक शुरुआत की और 17वें मिनट में अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन मलेशियाई रक्षा को भेदने में विफल रहे। भारत ने तीसरे क्वार्टर के अंत से 32 सेकेंड पहले अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया और रोहित ने मलेशियाई गोलकीपर के बाईं ओर एक बेहतरीन ड्रैग फ्लिक के साथ टीम की बढ़त को 2–0 कर दिया। भारत को 48वें मिनट में तीसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला जो बेकार गया। कुछ मिनट बाद भारत ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जिसमें से दूसरे पर शारदा नंद ने मलेशियाई गोलकीपर द्वारा शुरुआती फ्लिक को बचाए जाने के बाद रिबाउंड पर रिवर्स शॉट से गोल किया। मलेशियाई टीम ने अंत तक संघर्ष किया और 57वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारतीय डिफेंडर के फाउल के कारण मलेशिया को पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिस पर कमरुद्दीन ने गोल करके हार के अंतर को कम किया।

## सूर्यकुमार और शिवम के अर्धशतक, बंगाल के लिए शमी रहे किफायती



**हैदराबाद :** भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 2024 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अपना पहला मैच खेलते हुए 46 गेंद में 70 रन जड़े जबकि शिवम दूबे ने तीन महीने बाद चोट से वापसी करते हुए 37 गेंद में 71 रन बनाये जिससे मुंबई ने मंगलवार को यहां ग्रुप ई मैच में सेना को 39 रन से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई ने सूर्यकुमार और दूबे के बीच चौथे विकेट के लिए 13 रन की भागीदारी से चार विकेट पर 192 रन बनाये। दोनों ने मिलकर 11 छक्के जड़े जिसमें दूबे के सात छक्के शामिल रहे। दोनों बल्लेबाजों ने ऑफ स्पिनर नितिन तंवर पर आक्रामक रूख अपनाया और उनके चार ओवर में 54 रन जोड़े। जवाब में सेना की टीम 19.3 ओवर में 153 रन पर सिमट गई जिसमें शार्दुल ठाकुर ने 25 रन देकर चार विकेट झटके। बायें हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने भी तीन विकेट प्राप्त किये। दूबे ने एक विकेट भी झटका जिससे उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार मिला। वहीं राजकोट में हुए मैच में मोहम्मद शमी ने सैयद मश्ताक अली ट्रॉफी में लगातार छठे टी20 मैच में 15 डॉट गेंद फेंकी जबकि करण लाल ने महज 47 गेंद में 94 रन बनाये जिससे बंगाल ने ग्रुप ए में बिहार को नौ विकेट से रौंद दिया। बिहार ने अपने युवा वैभव सूर्यवंशी के बिना खेलते हुए 20 ओवर में छह विकेट पर 147 रन बनाये जिसमें सयान घोष (32 रन देकर दो विकेट) सवश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। बंगाल ने यह लक्ष्य महज 14 ओवर में हासिल कर लिया जिसमें लाल ने अपनी पारी के दौरान नौ चौके और छह छक्के जमाये। सभी की निगाहें शमी पर लगी होंगी जिन्होंने फिर किफायती गेंदबाजी की और चार ओवर में 18 रन देकर एक विकेट झटके। शमी ने अब तक 11 दिन में छह टी20 मैच खेल लिये हैं और 23.3 ओवर डाले। उन्हें अभी तक कुल पांच विकेट मिल चुके हैं। अभी तक स्पष्ट नहीं है कि शमी को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए बुलाया जायेगा या नहीं। मुंबई में ग्रुप सी मैच में कुमार कुशाग्र ने 30 गेंद में 55 रन बनाये जिससे झारखंड ने ग्रुप सी में दिल्ली को हरा दिया। यह दिल्ली की टूर्नामेंट में पहली हार है। दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 154 रन का स्कोर खड़ा किया जिसमें प्रियांश आर्या ने महज 22 गेंद में 38 रन बनाये। झारखंड की टीम ने एक ओवर रहते पांच विकेट गंवाकर जीत दर्ज की। अनुभवी गेंदबाज इशांत शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं जिन्होंने 38 रन देकर दो विकेट झटके। दिल्ली छह में से पांच जीत के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर बरकरार है जबकि एक मैच बाकी है।

### दुनिया के चौथे नंबर के भारतीय अर्जुन एरिगेसी नॉर्वे शतरंज 2025 में खेलेंगे

**स्टेवेंगर (नॉर्वे) :** महान शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद के बाद 2800 की ईएलओ रेटिंग तक पहुंचने वाले दूसरे भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी अगले साल प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज टूर्नामेंट में अपना पदार्पण करेंगे। नॉर्वे शतरंज 2025 26 मई से छह जून तक खेला जायेगा। महज 21 साल की उम्र में विश्व की चौथी रैंकिंग पर काबिज अर्जुन से उम्मीद की जा रही है कि वह शतरंज कैलेंडर के सबसे बेहतरीन टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अपनी शैली पर विचार करते हुए अर्जुन ने कहा, 'मैं अति महत्वाकांक्षा के कारण मुकाबले हार जाता था लेकिन अब मैं अपनी महत्वाकांक्षा को संतुलित तरीके से आगे बढ़ाने का प्रयास करता हूं।' टूर्नामेंट में खेलने को उत्साहित अर्जुन ने कहा, 'नॉर्वे शतरंज के बारे में बहुत सारी रोमांचक चीजें हैं लेकिन मैं कहूंगा कि 'टाइम कंट्रोल' और 'आर्मगेडन' प्रारूप मेरे लिए सबसे लुभावने हैं।' शीर्ष पर पहुंचने के लिए अर्जुन की यात्रा अभूतपूर्व रही है जिसमें उन्होंने कई हाई–प्रोफाइल जीत हासिल की।

## न्यूज अपडेट

### ब्रैडमैन की कैप को नीलामी में मिले 2.63 करोड़ रुपये

**सिडनी :** सर डॉन ब्रैडमैन की प्रतिष्ठित 'बैगी ग्रीन कैप' को मंगलवार को यहां क्रिकेट इतिहास की दुर्लभ चीजों की नीलामी में 2.63 करोड़ रुपये में खरीदा गया। नीलामी घर 'बोनहम्स' ने कहा कि ब्रैडमैन ने भारत के 1947–48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान यह कैप पहनी थी जो लगभग 80 साल पुरानी है। यह घरेलू धरती पर उनकी आखिरी टेस्ट श्रृंखला थी। इस कैप को पहले 2.14 करोड़ रुपये में खरीदा गया था जिसके बाद खरीदार के प्रीमियम को शुल्क में जोड़ा गया। नीलामी में कैप को 'धूप से फीकी और घिसी हुई' करार किया गया जिसमें 'कुछ कीड़ों से नुकसान' हुआ और इसके किनारे घिसे हुए थे। क्रिकेट के महानतम बल्लेबाजों में शुमार ब्रैडमैन का निधन 92 वर्ष की उम्र में 2001 में हो गया था। ब्रैडमैन ने भारत के खिलाफ उस टेस्ट श्रृंखला में छह पारियों में 178.75 की औसत से 715 रन बनाए जिसमें तीन शतक और एक दोहरा शतक शामिल था जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 4–0 से जीत दर्ज की थी। उन्होंने यह कैप पंकज गुप्ता को दी थी जो 1948 की श्रृंखला के लिए मेहमान टीम के मैनेजर थे। यह भारत का स्वतंत्र देश के रूप में पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दौरा भी था। गुप्ता ने यह कैप भारतीय टीम के विकेटकीपर पीके सेन को दी। इस महान बल्लेबाज के नाम टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा दोहरे शतक (12) और संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा तिहरे शतक (2) लगाने का रिकॉर्ड है। ब्रैडमैन की यह कैप 2010 से ही उनके गृहनगर बोरल में ब्रैडमैन संग्रहालय को उधार पर दी गई थी। 'बोनहम्स' ने बताया कि इसे मौजूदा मालिक ने 2003 में खरीदा था। ब्रैडमैन ने अपना आखिरी टेस्ट 1948 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेला था और उन्हें 100 के करियर औसत के साथ रहने के लिए अपनी अंतिम पारी में केवल चार रन बनाने की जरूरत थी।

### भारत की महिला टीम जूनियर एशिया कप खिताब के बचाव के लिए ओमान रवाना

**बेंगलुरु :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप में अपने खिताब का बचाव करने के लिए मंगलवार को मस्कट के लिए रवाना हो गई, जिससे टीम को अगले साल होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में भी मदद मिलेगी। जूनियर एशिया कप सात से 15 दिसंबर तक खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इस प्रतियोगिता में शीर्ष पर रहने वाली तीन टीमें सैंटियागो, चिली में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। पूल ए में भारत का मुकाबला चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से होगा जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल हैं। भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है। ज्योति ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, 'हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास अच्छी और अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम मस्कट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है।'

### बेंगलुरू बुल्स ने गुजरात जाइंट्स को बराबरी पर रोका

**पुणे:** गुजरात जाइंट्स और बेंगलुरू बुल्स ने मंगलवार को यहां प्रो कबड्डी लीग के 11वें सत्र के पुणे चरण के रोमांचक मुकाबले में ड्रा खेला। दोनों टीम 34–34 से बराबरी पर रहीं। बेंगलुरू बुल्स के लिए नितिन रावल ने सात अंक हासिल किए जबकि प्रदीप नरवाल और सुशील ने छह–छह अंक जुटाए। खेल के अधिकांश समय तक बढ़त बनाए रखने वाली गुजरात जाइंट्स के लिए राकेश ने सात अंक हासिल किए और नीरज ने 'हाई 5' बनाया।

### महान स्क्वाश खिलाड़ी राज मनचंदा का निधन

**नयी दिल्ली :** अर्जुन पुरस्कार विजेता और छह राष्ट्रीय खिताब जीतने वाले महान स्क्वाश खिलाड़ी राज मनचंदा का रविवार को यहां निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। उनके परिवार के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारतीय स्क्वाश जगत के सबसे चर्चित चेहरों में से एक मनचंदा 1977 से 1982 तक राष्ट्रीय चैंपियन रहे और उन्होंने सेना के लिए अभूतपूर्व 11 खिताब जीते। इस दौरान उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप और विश्व स्तरीय टूर्नामेंटों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया और उन्हें 1983 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

# समाज्ञा व्यापार

## बैंक खातों में चार नॉमिनी रखने की मंजूरी देने वाला बैंकिंग संशोधन विधेयक पारित

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में मंगलवार को पारित बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 बैंक खाताधारकों को अपने खातों में अधिकतम चार नामांकित व्यक्ति (नॉमिनी) रखने की अनुमति देता है। इस विधेयक का एक अन्य प्रावधान निदेशक पदों के लिए 'पर्याप्त हित' को नए सिरे से परिभाषित करने से संबंधित है। इससे लगभग छह दशक पहले तय की गई पांच लाख रुपये की मौजूदा सीमा दो करोड़ रुपये तक बढ़ सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए इस विधेयक को संसद के निचले सदन ने ध्वनि मत से मंजूरी दी। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए सीतारमण ने कहा कि जमाकर्ताओं के पास क्रमिक या एक ही समय नामांकन सुविधा का विकल्प होगा। वहीं लॉकर सुविधा लेने वाले ग्राहकों के पास केवल क्रमिक नामांकन का ही विकल्प होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 से सरकार और आरबीआई बैंकों को स्थिर बनाए रखने के लिए बेहद सतर्क रहे हैं। सीतारमण ने कहा, हमारा उद्देश्य हमारे बैंकों को सुरक्षित, स्थिर और स्वस्थ रखना है और 10 साल बाद आप इसका परिणाम देख रहे हैं। विधेयक में सहकारी बैंकों में निदेशकों (चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक को छोड़कर) के कार्यकाल को आठ साल से बढ़ाकर 10 साल करने का प्रस्ताव है। संविधान (97वां संशोधन) अधिनियम, 2011 के अनुरूप बनाने के लिए यह संशोधन किया गया है। विधेयक पारित होने के बाद केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक को राज्य सहकारी बैंक के निदेशक मंडल में नियुक्त किए जाने की मंजूरी मिल जाएगी। बैंकिंग संशोधन विधेयक में वैधानिक लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक तय करने में बैंकों को अधिक स्वतंत्रता देने का भी प्रावधान किया गया है। इसमें नियामकीय अनुपालन के लिए बैंकों को वित्तीय आंकड़ों की सूचना देने की तिथियों को बदलकर हर महीने की 15वीं और आखिरी तारीख करने की बात कही गई है। मौजूदा समय में बैंकों को हर महीने के दूसरे और चौथे शुक्रवार को यह सूचना भेजनी होती है।

## जापान की कंपनियां भारत में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने को इच्छुक: डेलॉयट

**नयी दिल्ली :** जापान की कंपनियां भारत में सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने को इच्छुक हैं और उनके पास घरेलू कंपनियों के साथ साझेदारी करने के लिए सभी प्रकार की विशेषज्ञता भी है। वित्तीय परामर्श एवं लेखा परीक्षा सेवा प्रदाता डेलॉयट ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए कुशल कार्यबल, धन तथा समर्थन देने वाले उपायों की निरंतरता महत्वपूर्ण है। डेलॉयट जापान के शिंगो कामया ने कहा कि जापान की कंपनियां भारत को लेकर 'काफी उत्साहित' हैं। जापान सेमीकंडक्टर परिवेश के संयुक्त विकास और अपनी वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती को बनाए रखने के लिए भारत के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला अमेरिका के बाद दूसरा 'क्वाड' साझेदार है। जापान ने इस समझौते पर जुलाई में हस्ताक्षर किए थे। 'क्वाड' (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) भारत, ऑस्ट्रेलिया, जापान तथा अमेरिका का एक समूह हिस्सा हैं जो प्रशांत क्षेत्र के लिए अहम मंच है। डेलॉयट इंडिया के अध्यक्ष (रणनीति, जोखिम एवं लेन–देन) रोहित बेरी ने कहा, 'प्रौद्योगिकी और विशेषज्ञता को देखते हुए सेमीकंडक्टर के ऐसे महत्वाकांक्षी तथा महत्वपूर्ण परिवेश को विकसित करने के लिए जापान से बेहतर कोई साझेदार नहीं है।' उन्होंने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर की कहानी सिर्फ एक कारखाना लगाने की नहीं है, बल्कि यह पूरे परिवेश की कहानी है। बेरी ने कहा, 'यह एक या दो वर्ष की बात नहीं है बल्कि इससे हमारी और जापान की आने वाली कई पीढ़ियों को फायदा होगा।'

# ट्रेडमार्क को लेकर महिंद्रा और इंडिगो के बीच तनातनी की स्थिति




**नयी दिल्ली :** वाहन विनिर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और इंडिगो एयरलाइन का संचालन करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन के बीच '6ई' ट्रेडमार्क के इस्तेमाल को लेकर उपजा विवाद मंगलवार को गहराता हुआ नजर आया। महिंद्रा ने कहा कि वह इस विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान निकालने के लिए इंडिगो (रिपीट इंडिगो) के साथ चर्चा कर रही है। हालांकि इंडिगो ने महिंद्रा के इस दावे को नकारते हुए कहा कि एयरलाइन पिछले 18 वर्षों से अपने डिजाइनर कोड के तौर पर 6ई का इस्तेमाल करती आई है और इसका किसी भी रूप में उल्लंघन उसकी प्रतिष्ठा एवं सद्भावना को चोट पहुंचाता है। महिंद्रा ने हाल ही में दो इलेक्ट्रिक वाहन– बीई 6ई और एक्सईवी 9ई पेश किए हैं। इनमें से एक मॉडल के नाम में '6ई' का इस्तेमाल होने के बाद से ट्रेडमार्क उल्लंघन के आरोप लगने लगे हैं। दरअसल इंडिगो एयरलाइन के डिजाइनर कोड में '6ई' का इस्तेमाल होता आ रहा है और उसके पास इसका ट्रेडमार्क मौजूद है। एमएंडएम ने एक बयान में कहा कि वह ट्रेडमार्क विवाद के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए इंडिगो एयरलाइन के साथ चर्चा कर रही है। घरेलू वाहन कंपनी ने एक बयान में कहा, हमने सद्भावना के उल्लंघन से जुड़ी इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड की चिंताओं को ध्यान में रखा है और हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं था। हम सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के लिए उनके साथ चर्चा कर रहे हैं। हालांकि एमएंडएम ने कहा कि उसका ट्रेडमार्क 'बीई 6ई' इंडिगो के '6ई' से अलग है जिससे ग्राहकों के मन में किसी भी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं रहती है। हालांकि महिंद्रा ने दावा किया कि उसने अपने इलेक्ट्रिक एसयूवी 'बीई 6ई' के लिए ट्रेडमार्क पंजीकरण का आवेदन किया है जो कि इंडिगो के 6ई से मौलिक रूप से अलग है जिससे भ्रम की कोई भी संभावना नहीं रहती है। इस मामले में इंडिगो की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि एयरलाइन अपने बौद्धिक संपदा (ट्रेडमार्क) और ब्रांड पहचान को सुरक्षित रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने को प्रतिबद्ध है। इंडिगो ने कहा, 6ई कोड पिछले 18 वर्षों से इंडिगो की पहचान का अभिन्न अंग है और यह एक पंजीकृत ट्रेडमार्क है, जिसकी वैश्विक स्तर पर मजबूत मान्यता है। इस कोड का किसी भी रूप में अनधिकृत इस्तेमाल इंडिगो के अधिकारों का उल्लंघन करता है। इस बीच, ऐसी खबरें आई हैं कि इंटरग्लोब एविएशन ने '6ई' के इस्तेमाल को लेकर वाहन कंपनी पर ट्रेडमार्क उल्लंघन का मुकदमा दायर कर दिया है। उसने महिंद्रा के ट्रेडमार्क को चुनौती देते हुए अदालत के बौद्धिक संपदा प्रभाग से राहत मांगी है।

## शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेजी कायम, सेंसेक्स 597 अंक उछला

**मुंबई :** मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को एचडीएफसी बैंक एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी आने से शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन तेजी बनी रही। इस दौरान सेंसेक्स 597 अंक और निफ्टी 181 अंक चढ़कर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 597.67 अंक यानी 0.74 प्रतिशत उछलकर 80,845.75 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 701.02 अंक बढ़कर 80,949.10 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 181.10 अंक यानी 0.75 प्रतिशत बढ़कर 24,457.15 पर पहुंच गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से अदाणी पोर्ट्स में करीब छह प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ भारती एयरटेल, आईटीसी, सन फार्मा, एशियन पेंट्स और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सकारात्मक वैश्विक धारणा के बीच घरेलू सूचकांकों ने मजबूती का रुख कायम रखा। निवेशक अब संभावित वृद्धि कारकों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। उनका मानना है कि कमजोर आर्थिक आंकड़े कंपनियों के लचर तिमाही नतीजों में पहले ही नजर आ चुके हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के पहले बैंकों के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी देखी गई। इसके अलावा धातु खंड के शेयर भी आयात शुल्क बढ़ने और चीन के अनुकूल विनिर्माण आंकड़ों की वजह से बढ़त में रहे। छोटी कंपनियों से संबंधित बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.03 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सूचकांक में 0.92 प्रतिशत की बढ़त रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में सेवा खंड 2.13 प्रतिशत चढ़ा जबकि जनकेंद्रित सेवा खंड में 1.41 प्रतिशत और औद्योगिक खंड 1.36 प्रतिशत की बढ़त पर रहा। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में 2,740 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,219 शेयर गिरावट पर रहे और 108 अन्य अपरिवर्तित बने रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए।



## न्यूज अपडेट

### सोना 200 रुपये टूटकर 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम, चांदी 2,400 रुपये उछली

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत में लगातार दूसरे दिन नरमी जारी रही और यह 200 रुपये टूटकर 79,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। कारोबारियों ने कहा कि हालांकि, चांदी की कीमत 2,400 रुपये के उछाल के साथ 92,400 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। चांदी बाजार में तेजी का रुख, मुख्य रूप से औद्योगिक मांग के कारण है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये गिरकर 78,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

### अदाणी समूह की सात कंपनियों के शेयर बढ़त में, अदाणी पोर्ट्स का शेयर छह प्रतिशत चढ़ा

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की सात कंपनियों के शेयर मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। इनमें अदाणी पोर्ट्स के शेयर में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह सेंसेक्स और निफ्टी में शामिल कंपनियों में सबसे अधिक लाभ में रही। बीएसई में अदाणी पोर्ट्स का शेयर 6.02 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 5.15 प्रतिशत, एसीसी 2.56 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज 2.33 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज 2.09 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 1.19 प्रतिशत और एनडीटीवी का शेयर 0.45 प्रतिशत चढ़ा। हालांकि, अदाणी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 1.17 प्रतिशत, अदाणी पावर में 0.87 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस में 0.83 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में 0.60 प्रतिशत की गिरावट आई।

### टाटा नमक ने शुद्धता का मानक स्थापित किया, वैज्ञानिक विश्लेषण की लड़ाई जीती

**हावड़ा, समाज्ञा :** टाटा साल्ट को देश भर में परीक्षण किए गए 100 प्रकार के नमकों में सबसे शुद्ध घोषित किया गया है। एक कठोर वैज्ञानिक विश्लेषण ने पुष्टि की है कि टाटा साल्ट शुद्धता के लिए अंतिम मानक के रूप में खड़ा है, जिसने न केवल एक क्षेत्र में, बल्कि पूरे भारत में एक उच्च मानक स्थापित किया है। उत्कृष्टता और गुणवत्ता के लिए टाटा साल्ट की प्रतिबद्धता उच्चतम शुद्धता मानकों को सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों में स्पष्ट है। ब्रांड की शुद्धता और परिशोधन ने इसे देश भर में गुणवत्ता के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए पसंदीदा विकल्प बना दिया है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के पैकेज्ड फूड्स–इंडिया की अध्यक्ष दीपिका भान ने कहा कि शुद्धता और विश्वसनीयता के लिए टाटा साल्ट की अटूट प्रतिबद्धता पश्चिम बंगाल के लोगों के कल्याण के लिए हमारे दृढ़ समर्पण को दर्शाती है। कड़े उपायों के माध्यम से, हम सुनिश्चित करते हैं कि केवल बेहतरीन आयोडीन युक्त नमक ही पश्चिम बंगाल के हर घर तक पहुंचे। टाटा साल्ट को इसकी निरंतर गुणवत्ता के लिए अग्रणी विकल्प माना जाता है।

### भारतीय पर्यटकों के लिए सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करने की कोशिश में जुटा दक्षिण अफ्रीका

**मुंबई :** भारतीय पर्यटकों को लुभाने के लिए दक्षिण अफ्रीका सीधी उड़ान सेवाएं शुरू करने के लिए सरकार के साथ तीन विमानन कंपनियों के साथ भी बातचीत कर रहा है। दक्षिण अफ्रीका की पर्यटन मंत्री पेट्रीसिया डी लिली ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लिली ने फोन पर हुई बातचीत में कहा, 'हम दक्षिण अफ्रीका को भारतीय पर्यटकों के लिए एक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने और किसी भी मुद्दे को सुलझाने के लिए तत्पर हैं।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4078 अंक 228, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित।
सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in